''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 35 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 04 फरवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## परंपरा और आधुनिकता का संगम है सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला: कला रामचंद्रन

**7 से 23 फरवरी तक चलेगा 38वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला**

**सूरजकुंड मेले की तैयारियों समेत विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा**




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने कहा कि 38 वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ऐसे में मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने आज 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित कर रही थी। बैठक में डीसी विक्रम सिंह ने जिला प्रशासन की ओर से किये गए प्रबंधों बारे विस्तार से जानकारी सांझा की।

हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने कहा कि सूरजकुंड मेले को डिजिटल रूप दिया गया है। पहली बार स्टॉल की बुकिंग ऑनलाइन की गई हैं। पूरी पारदर्शिता बनाए रखते हुए सूरजकुंड का यह शिल्प मेला डिजिटल प्लेटफार्म के साथ पर्यटन के क्षेत्र में आमजन के स्वागत के लिए तैयार हो रहा है। मेले से जुड़े हर पहलू की जानकारी सूरजकुंड मेला डॉट कॉम डॉट इन पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि यह हरियाणा प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेले के आयोजन की जिम्मेवारी प्रभावी रूप से निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में उड़ीसा व मध्यप्रदेश थीम स्टेट हैं और बिम्सटेक-बांग्लादेश, भूटान, इंडिया,म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका व थाईलैंड राष्ट्र भागीदार हैं और नॉर्थ ईस्ट हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन मेले का कल्चरल पार्टनर है, साथ ही दिल्ली मेट्रो टिकटिंग पार्टनर रहेगा। उन्होंने बताया कि मेला मैदान में आने वाले लाखों आगन्तुकों को थीम स्टेट मध्य-प्रदेश व उड़ीसा, बिम्सटेक देशों के साथ-साथ अनेक देशों के कलाकार, बुनकर, शिल्पकार मेले में भागीदारी करेंगे, जबकि देशबके अनेक राज्यों के पारंपरिक व लजीज व्यजनों का आनंद आमजन ले सकेंगे।

समीक्षा बैठक के पश्चात हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन व डीसी विक्रम सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेला परिसर का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और जल्द से जल्द काम को पूरा करने के निर्देश दिए।

**यह रहे मौजूद :**

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता, एडीसी साहिल गुप्ता, हरियाणा पर्यटन निगम के एमडी सुनील कुमार, डीसीपी हेडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल, डीसीपी जसलीन कौर, डीसीपी कुलदीप सिंह, जीएम आशुतोष रंजन, एसडीएम अमित मान, मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, पर्यटन निगम की ओर से मेला प्रबंधक यू.एस.भारद्वाज व एजीएम हरविंद्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने उपमंडल नारायणगढ़ का किया दौरा



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से आज उपमंडल नारायणगढ़ के रेस्ट हाउस में प्रेस एसोसिएशन नारायणगढ़ तथा पत्रकार मंच नारायणगढ़ से जुड़े मीडिया प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ के मीडिया प्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि आप लोगों का मुझे सदैव सहयोग मिला है। अपने राजनैतिक कैरियर के संघर्ष के दिनों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहाँ के मीडिया साथियों का उन्हें भरपूर सहयोग और समर्थन मिला है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को भी सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए सरकार ने अनेक योजनाओं को लागू किया है। जनता को इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन जनता की समस्याओं को सुनें और तत्परता से उनके निदान के लिए कार्यवाही करें।

मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ के युवा पत्रकारों से कहा कि वे अपने वरिष्ठ पत्रकारों से मार्गदर्शन ले और सकारात्मक सोच के साथ जनता से जुडी खबरों को प्रकाशित करें। उन्होने कहा कि उनका सदैव प्रयास रहेगा कि नारायणगढ़ क्षेत्र विकास की बुलंदियों को छुए। नारायणगढ़ उपमण्डल में खेल स्टेडियम, हॉकी का एस्टोटर्फ, बागवानी का रिजनल सैंटर एवं कालेज, राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर, अधिकतर गांवों में कम्यूनिटी सैंटर, गांव डेरा में बिजली का पावर हाउस, कई पुल व सडक़ेआदि कार्य करवाये जा रहे हैं। इन सुविधाओं के पूरा होने पर इलाके के लोगों को इनका फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिला में एक-एक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा और अब तक 15 जिलों में मेडिकल कॉलेज बन गये है तथा शेष जिलों में आगामी समय में मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो जाएंगे, इससे प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस को सख्त आदेश दिये गये हैं। अपराधी प्रवृतति के लोगों पर कानून अनुसार सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए।

### प्रतिबंधित पॉलिथिन बनाने और स्टॉक रखने वालों पर नगर निगम करेगा कार्यवाही

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम अब प्रतिबंधित पॉलीथिन के निर्माण करने वाली यूनिटों का पता लगाएगा कि कितनी यूनिट फरीदाबाद निगम क्षेत्र में पॉलीथिन बनाने और स्टोर करने का काम करती हैं। नगर निगम ऐसी इकाईयों पर जल्द शिंकजा कसने जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक और अन्य प्रतिबंधित पॉलीथिन मानव जीवन और पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या बन चुका है जिससे खतरनाक बीमारियां दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं। नगर निगम उच्चाधिकारियों ने निगम क्षेत्र के सभी क्षेत्रीय एवं कर अधिकारियों ( जड़टीओ) को इस कार्य के लिए निर्देश दिए गए हैं कि सभी अपने अपने एरिया में ऐसी इकाईयों को चिन्हित करें ताकि उनके ऊपर कार्यवाही की जा सके ।निगम के सभी जड़टीओ ने अपनी टीम इस कार्य के लिए तैयार कर ली हैं जो प्राथमिकता के आधार पर इस कार्य को जल्द पूरा कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि निगम की तरफ से लगातार प्रबंधित पॉलीथिन के चालान किए जा रहे हैं लेकिन सरकार के नियमों को ताक पर रखकर अब पॉलिथिन बनाने और और स्टॉक रखने वालों का भी पता लगाया जाएगा और उनके ऊपर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## परिवहन मंत्री अनिल विज ने ओवरलोडिड वाहनों पर मारा छापा, स्वयं सड़क पर उतरकर ट्रकों व अन्य वाहनों के दस्तावेज जांचे

**परिवहन मंत्री अनिल विज ने अम्बाला-नारायणगढ़ रोड पर छापे के दौरान कई गाड़ियों को रुकवाया**

**मंत्री के छापे के दौरान लगभग 12 वाहनों के दस्तावेज अधूरे मिले, कई वाहनों में मिट्टी लोड थी मगर उसकी अनुमति संबंधी दस्तावेज नहीं मिले**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम श्री अनिल विज ने आज अम्बाला-नारायणगढ़ रोड पर ओवरलोडिड वाहनों को पकड़ने के लिए शाम स्वयं मौके पर पहुंच छापा मारा। उन्होंने कई ट्रकों को रूकवाते हुए उनकी जांच की और कागजों को चैक किया। जिन ट्रकों व अन्य वाहनों के कागज सही नहीं पाए गए उन्हें पुलिस द्वारा जब्त किया गया। परिवहन मंत्री अनिल विज की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया।

आज शाम अचानक परिवहन मंत्री अनिल विज बलदेव नगर में नारायणगढ़ रोड पर पहुंचे जहां उन्होंने ट्रकों की जांच प्रारंभ कर दी। उनके पहुंचने के कुछ देर बाद मौके पर आरटीए और पुलिस पहुंची। मंत्री अनिल विज ने ट्रकों एवं अन्य ओवरलोडिड वाहनों की जांच की। रोड पर दर्जनों ट्रकों को रुकवाते हुए मंत्री अनिल विज ने ट्रक चालकों से पूछताछ की और उनके कागजों को चैक किया। इस दौरान उन्होंने ट्रकों में लोड किए गए सामान की भी जांच की। कई ट्रक चालक मौके पर अपने दस्तावेज नहीं दिखा पाए तथा अन्य कई वाहनों में अनियमितताएं पाई गई। इन ट्रक चालकों के खिलाफ मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कई ट्रकों को पुलिस द्वारा जब्त भी किया गया।

छापे के दौरान 12 वाहनों के दस्तावेज अधूरे मिले, परिवहन मंत्री अनिल विज ने कार्रवाई के निर्देश दिए

पत्रकारों से बातचीत के दौरान परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि कुछ दिन पहले वह राजस्थान से आए थे और उन्होंने वहां आरटीए को ओवरलोडिड वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई को कहा था। उन्होंने कल भी अम्बाला आरटीए को कहा था कि ओवरलोडिड वाहनों की वजह से हादसे हो रहे हैं। वो परिवहन मंत्री हैं इसलिए आज वह स्वयं चैक करने के लिए निकले थे और उन्होंने मौके पर आरटीए व पुलिस को बुलाया। लगभग एक दर्जन गाड़ियों के दस्तावेज अधूरे पाए गए जोकि मिट्टी खोदकर ला रहे थे और उनकी इजाइजत नहीं पाई गई, कई चालकों के लाइसेंस तक नहीं पाए गए। कई चालकों के मेडिकल कराने को कहा है जबकि कई गाड़ियां ओवरवेट भी मिली। कुछ गाड़ियां ओवरसाइज भी मिली है। परिवहन मंत्री विज ने कहा कि मेरे होते हुए मैं सड़क पर बिना ठीक दस्तावेज के कोई गाड़ी चलने नहीं दूंगा।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को कहा है कि वह नाके लगाए और दस्तावेज चैक करें। उन्होंने कहा आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। कब कहां छापा पड़े। उन्होंने गत दिवस रोहतक बिजली बोर्ड में भी छापा मारते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को समय रहते शिकायत हल करने के निर्देश दिए थे।

## समाधान शिविर में 18 शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश दिए एसडीएम ने



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** समाधान शिविर में एसडीएम रविंद्र कुमार ने आम जन की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर निवारण किया। उनके साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। लघु सचिवालय सभागार में एसडीएम रविंद्र कुमार ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को उन पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में 18 शिकायतों की सुनवाई की गई। जिनमें नगर निगम, पुलिस विभाग, परिवार पहचान-पत्र, पंचायत विभाग, बिजली वितरण निगम आदि से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। एसडीएम ने बताया कि प्रति कार्यदिवस में रोजाना सुबह दस से बारह बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को उनकी समस्याओं से निजात दिलाना है। इस शिविर में आने वाली शिकायतों और उन पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट नियमित रूप से चंडीगढ़ भिजवाई जाती है। इसलिए अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## हरियाणा के विकास ने बदल दी दिल्ली चुनाव की दिशा : राजेश नागर

**मंत्री राजेश नागर ने राजा जैत सिंह कॉलोनी नीमका में सड़को का निर्माण कार्य कराया शुरू**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने आज राजा जैत सिंह कॉलोनी नीमका में एक करोड़ तीन लाख रुपये की लागत से गलियों का निर्माण कार्य शुरू करवाया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय बुजुर्गों से नारियल फुड़वाया और विकास में कहीं कोई कमी नहीं आने देने की बात कही।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा के विकास और हरियाणा के लोगों ने दिल्ली विधानसभा चुनावों की दिशा को बदल दिया है। पांच फरवरी को दिल्ली में मतदान होगा और आठ फरवरी को मतगणना होगी, तब भाजपा को दिल्ली की सेवा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने रिकॉर्ड मतों के साथ तीसरी बार हरियाणा में डबल इंजन की सरकार चुनी है। महाराष्ट्र ने डबल इंजन की सरकार चुनी है और अब दिल्ली की बारी है। नागर ने बताया कि दिल्ली के लोगों को बिजली पानी के बारे में झूठ बोलकर वोट लिए गए और कोई काम नहीं कराया गया। उलटे दिल्ली में महंगी बिजली से लोगों की जेबों पर डाका डाला जा रहा है। इसलिए जनता अब भाजपा को चुनने जा रही है। आप लोग भी अपने जानकारों को भाजपा को वोट देने के लिए कहें।

इस अवसर पर जिला पार्षद अनिल पाराशर, तिगांव सरपंच वेद प्रकाश अधाना, तिगांव नागर सरपंच विक्रम प्रताप, दयानन्द नेता, पूर्व बीडीसी तेज सिंह अधाना, बीडीसी जग्गी अधाना, प्रेम गोयल, प्यारे बाबू, राहुल चौधरी, राजवीर चंदीला, पूर्व बीडीसी सुनील नागर, अनिल नागर, नरेश अग्रवाल, संजीव सरपंच, बबली प्रधान, किशोरी, ज्योति राय, उमेश कुशवाहा, कमलेश, राकेश दुबे, रवि नम्बरदार, अजब चंदीला, हरीचंद सरपंच, रामवीर नागर, सूबेदार तेजी नागर, आजाद सिंह, मदन गोपाल, पंडित गोपाल, राकेश कुमार, देविन्द्र पांचाल, विरेंद्र भाटी, चन्द्र प्रकाश प्रधान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## विक्ट्री क्रिकेट क्लब ने मून लाइट पैंथर को 102 रन से हराया




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** 25वां रविंदर फागना सिल्वर जुबली कैश प्राइज मिक्स कॉरपोरेट कप टूर्नामेंट 202425, रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फरीदाबाद पर खेला गया। और यह मैच विक्ट्री क्रिकेट क्लब ओर मून लाइट पैंथर के बीच खेला गया। इस मैच में विक्ट्री क्रिकेट क्लब ने मून लाइट पैंथर को 102 रन से हराया। यह मैच 20 ओवर का था और विक्ट्री क्रिकेट क्लब ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। विक्ट्री क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 298 रन का लक्ष्य दिया। विक्ट्री क्रिकेट क्लब की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए धर्मेंद्र नागर ने 50 गेंदों पर 9 चौके, 13 छक्के की मदद से 131 रन, प्रवीण परते ने 36 गेंदों पर 10 चौके, 1 छक्के की मदद से 64 रन बनाए। मून लाइट पैंथर की ओर से गेंदबाजी करते हुए चैतन्य ने 3 ओवर में 37 रन देकर 2 विकेट, मनीष, प्रीतम प्यारे और सोनू नौनिहाल ने 11 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए मून लाइट पैंथर ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा।

## सेफ सिटी के अंतर्गत दुर्गा शक्ति ने रात्रि में बुजुर्ग महिला व लडके को घर पर सुरक्षित छोड़ा



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सेफ सिटी के अंतर्गत दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार कार्रवाई करते हुए दुर्गा शक्ति एन आई टी 3 कि टीम ने रात्रि के समय बुजुर्ग महिला व लडके को इआरवी से घर तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रात्रि के समय करीब 11:40 बजे इआरवी टीम गस्त पर थी। गस्त के दौरान हार्डवेयर चौक एनआईटी के पास एक बुजुर्ग महिला व एक लडका मिली। महिला ने बताया कि वह गांव डबुआ (एयरफोर्स स्टेशन के पीछे) की रहने वाली है व घर जाने के लिए ऑटो नहीं मिल रहा। ऑटो का इंतजार कर रही है।

दुर्गा शक्ति नम्बर-3 की टीम ने बुजुर्ग महिला (60 वर्ष) व लडके को हार्डवेयर चौक से गांव डबुआ (एयरफोर्स स्टेशन के पीछे) गाडी सरकारी से उसके घर छोडा गया। महिला व परिजनों ने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया है। पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार रात्रि के समय महिला को कोई साधन/पब्लिक ट्रांसपोर्ट नही मिल पा रहा हो और अकेली असुरक्षित महसूस कर रही है तो वह फरीदाबाद पुलिस द्वारा जारी किए गए कंट्रोल रूम नंबर 9999150000, 0129-2227200, 7290010000 पर संपर्क करके पुलिस की मदद ले सकती है। जिसमें उसके नजदीकी दुर्गा शक्ति, PCR या ERV टीम उस महिला से संपर्क करके उसे सुरक्षित घर तक छोड़ेगी।

## अम्बाला में एक दिवसीय 80वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**अम्बाला।** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार जी के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गाँव से दूसरे गाँव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुँच रहे हैं। आज वे पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केसरी में पहुंचे हुए थे। विद्यालय प्राचार्या आरती सूद की अध्यक्षता में कार्यक्रम में 483 विद्यार्थियों, 22 शिक्षकों और 3 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# महाकुंभ भगदड़: एआई कैमरों में 120 संदिग्ध दिखे

## कुछ लोग भीड़ में घुसे और भगदड़ मची, साजिश की आशंका पर एटीएस-एसटीएफ जांच में जुटी







**प्रयागराज।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान से पहले मची भगदड़ में नया एंगल सामने आ रहा है। भगदड़ में साजिश की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि यूपी STF और महाकुंभ मेला की पुलिस इस घटना की साजिश के एंगल से जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, घटना के समय मौजूद 2 लोगों ने बताया कि भगवा झंडा लेकर कुछ लोग अचानक भीड़ में घुस आए थे। जिनकी वजह से भगदड़ की शुरूआत हुई। इन दावों की पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। STF को उस समय एक्टिव कुछ मोबाइल फोन लगातार बंद मिल रहे हैं। इससे भी साजिश की आशंका को बल मिल रहा है। STF संगम नोज पर एक्टिव 16 हजार से ज्यादा मोबाइल फोन की जांच कर रही है। इनमें 100 से ज्यादा नंबर 24 घंटे सर्विलांस पर हैं। महाकुंभ में 28 जनवरी की देर रात करीब 1:30 बजे संगम नोज इलाके में भगदड़ हुई थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 30 लोगों की मौत हुई है और 60 लोग घायल हैं। STF से जुड़े एक अधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि घटनास्थल पर लगे कैमरों की फुटेज की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। सूत्रों की मानें, तो 120 संदिग्ध चेहरों की अकतकनीक से पहचान की गई है। हालांकि अभी तक किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है। यूपी ATS ने भी इस मामले में जांच शुरू कर दी है। उनकी एक टीम STF के साथ काम कर रही है। जो वीडियो सामने आए हैं, उनकी भी फोरेंसिक एनालिसिस करवाई जा रही है। STF के एडीजी अमिताभ यश भी अपनी टीम के साथ रविवार को महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने संगम नोज का जायजा लिया। संगम में बोट से व्यवस्था देखी। पुलिस अफसरों से बात की।महाकुंभ शुरू होने से पहले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी भरा वीडियो जारी किया था। उसने महाकुंभ मेले में पीलीभीत एनकाउंटर का बदला लेने का ऐलान किया था। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में 3 खालिस्तानी आतंकियों के एनकाउंटर के बाद उसने धमकी दी थी। अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महाकुंभ को लेकर धमकी देने का मामला सामने आया था। इसकी जांच भी पुलिस कर रही है। आईबी और लोकल इंटेलिजेंस ने भी अघोरी के रूप में महाकुंभ में आतंकियों के गड़बड़ी की रिपोर्ट दी थी। भगदड़ मामले की जांच कर रहे आयोग के सदस्य, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वीके गुप्ता से बात की। उनका कहना है कि 'हम जांच कर रहे हैं कि क्या परिस्थितियां थीं, क्या कारण थे, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।' जब उनसे पूछा गया कि क्या साजिश के एंगल पर भी जांच कर रहे हैं। उनका जवाब था 'परिस्थितियां और कारण में हम सभी चीजों को देखेंगे। सोशल मीडिया कंटेंट को भी देखेंगे, वीडियो की क्लिपिंग को भी देखेंगे। लोगों से बयान लेंगे।'फिलहाल, जांच जारी है और STF हर पहलू पर गौर कर रही है। जांच एजेंसियां अब भगदड़ में साजिश की संभावना पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। कल वसंत पंचमी का अमृत स्नान है, ऐसे में पुलिस और सुरक्षा एजेंसी हाई अलर्ट पर हैं।भगदड़ के बाद महाकुंभ मेला कुछ खाली हो गया था, लेकिन वसंत पंचमी के स्नान के लिए फिर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि महाकुंभ में बिल्कुल भी डर नहीं लग रहा। यहां पर योगी सरकार की व्यवस्था बहुत अच्छी है। महिला सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। रविवार को एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा- भगदड़ की घटना में साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता। जब से हम लोग प्रयागराज आए हैं, हमें टारगेट किया जा रहा। यह भी कहा गया कि जो गंगाजी में स्नान करेगा, वो पापी है। यह भी कहा गया कि गंगाजी का जलपान करने वाला बीमार हो जाएगा। हमें लगता है कि जितने भी वामपंथी हैं, जितने भी सनातन विरोधी हैं, उनकी नजर हमारे कुंभ मेले को लग गई है। कुछ क्लिप ऐसे भी आए हैं जिनमें किसी माताजी ने यह भी कहा कि जब वह संगम नोज पर थीं, कुछ कच्छाधारी पहुंचे। करीब 10-11 की संख्या में वो लोग थे। उन्होंने माताओं-बहनों से धक्का-मुक्की की। इससे हमारी कुछ बहनें नीचे गिरीं। जब नीचे गिरीं, तो पीछे की भीड़ उनके ऊपर आ गई। फिर लोग गिरते गए और लोग ऊपर चढ़ते गए। केरल से आए महामंडलेश्वर नारायण गिरि महाराज ने कहा- मौनी अमावस्या पर इतनी भीड़ उमड़ पड़ी कि सरकार, अखाड़ा समितियों और विभिन्न संगठनों के तमाम अच्छे इंतजाम कम पड़ गए। साजिश से भी इनकार नहीं किया जा सकता। यह पुलिस और सरकार का काम है, वे इसकी जांच करेंगे और पता लगाएंगे। अगर किसी ने सनातन धर्म के अनुयायियों को नुकसान पहुंचाया है, तो उसे 100% सजा मिलेगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## पीके महाविद्यालय में 38 छात्रों में हुआ टेबलेट का वितरण



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के पी.के. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पटखौली में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण' योजना के तहत एम.ए. के 38 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. पीके राय ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के लिए टैबलेट और स्मार्टफोन उपलब्ध करा रही है। आज के सूचना क्रांति के युग में यह निःसंदेह आवश्यक है, लेकिन इसके दुष्प्रभावों से भी सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटरनेट के सकारात्मक उपयोग की सलाह दी और सोशल मीडिया की चुनौतियों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे तकनीक का उपयोग अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने में करें, न कि सिर्फ मनोरंजन के लिए। इससे पूर्व, डॉ. पी.के. राय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अनुराधा गोंड़ और माया कुशवाहा ने सरस्वती वंदना, रोशनी कुशवाहा और माया कुशवाहा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक पांडेय ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए मिशन डीजी शक्ति पर प्रकाश डाला। संचालन नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश पांडेय ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्री जैनेंद्र उर्फ पप्पू राय, डॉ. जय प्रकाश प्रजापति, गोविंद प्रसाद, राजन बरनवाल, उमेश सिंह, शिल्पा द्विवेदी, फूलमती कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, रामजी पांडेय, साधना राव, कार्यालय अधीक्षक सैयद अंसारी, शमीम अंसारी, नंद किशोर पांडेय, सुनील राय, विनोद शर्मा सहित महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नगर निगम में कर्मचारियों का हंगामा

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय पर सफाई कर्मियों ने हंगामा किया। कर्मचारी पिछले तीन दिनों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को निगम कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। सफाई कर्मचारी नगर निगम की तरफ से सफाई का टेंडर हैदराबाद की निजी कंपनी ह्यरामकीह्न को देने के विरोध में एकजुट हैं। शहर के सभी आठ जोन में कूड़ा उठाना और सफाई का काम बंद कर दिया है। राजधानी में सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर निगम ने बड़ा बदलाव किया है, लेकिन इस बदलाव के खिलाफ सफाई कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। नगर निगम के सभी जोन के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी, जिससे कई इलाकों में कूड़ा जमा हो गया।

## सास बेटा-बहु सम्मेलन में टीबी मुक्त भारत की दिलाई शपथ

**संवाददाता**

**कसया,कुशीनगर।** सीएचसी कसया के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर परसौनी मुकुंदहा में सोमवार को सास-बेटा-बहू सम्मेलन आयोजित कर परिवार नियोजन हेतु जागरूक किया गया। क्षय रोग प्रभारी डॉ मुकेश यादव ने कहा कि सम्मेलन कराने का उद्देश्य परिवार में सभी मिलकर एक साथ रहे। परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों का उपयोग कर खुशहाल जीवन व्यतीत करें। बच्चों की संख्या नियंत्रित रखे तथा दो बच्चों के बीच तीन वर्ष का



अंतराल अवश्य रखे। विशिष्ट अतिथि सहायक शोध अधिकारी रत्नेश यादव ने कहा कि परिवार नियोजन के सभी संशाधन आपके आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर उपलब्ध है। लाभ उठायें। अध्यक्षता कर रही ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक अनिता यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं तथा नवजात शिशुओं को जो भी सुविधाएं दी जा रही है। कोई भी स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कत हो तो तत्काल अपनी आशाओं को सूचित करें। गर्भवती महिलाओं को, आशा बहुओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। स्वागत एवं आभार सीएचओ सविता ने व्यक्त किया। इस दौरान एएनएम सीमा यादव, आशा अनिता देवी, लता राव, मीना देवी, पुष्पा देवी, सुनैना देवी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री लीलावती देवी, उर्मिला देवी, गीता देवी, लाभार्थी दया देवी, सबा परवीन, पूजा देवी, अनामिका देवी, रोमा देवी, हीना देवी मौजूद रहीं।

## वसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए ऋण पर बीज गन्ना देगी ढाढ़ा चीनी मिल

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** न्यू इंडिया चीनी मिल ढाढ़ा हाटा द्वारा अपने परिक्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने और अधिक उपज देने वाली गन्ना प्रजाति को. 15023, को. 0118 अनुदान दिया जाएगा। यह जानकारी चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने बीज गन्ना वितरण समीक्षा बैठक में गन्ना विकास कर्मचारियो/अधिकारियों को दी। ये प्रजातियां प्रति एकड़ 400 से 500 प्रति कुंतल उपज देने वाली हैं। बीज गन्ना वितरण करने वाले किसानो को 31 मार्च तक 40 रुपया प्रति कुन्तल तथा 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक बीज गन्ना वितरण करने वाले किसान को पचास रुपया प्रति कुन्तल अनुदान मिल देगी। उ०प्र० गन्ना किसान संस्थान



प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता सवाल के जवाब में अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने बताया कि को 0118 गन्ना प्रजाति 31 मार्च तक वितरण करने वाले किसान को 30 रुपया प्रति कुन्तल तथा एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक वितरण करने वाले किसान को 40 रुपया प्रति कुन्तल अनुदान देगी। अधिशाषी अध्यक्ष ने पूर्व सहायक निदेशक श्री गुप्ता के साथ अलग बैठक में कहा कि पेड़ी गन्ने की वैज्ञानिक प्रबंध तथा वसंत कालीन गन्ने के साथ प्याज, भिण्डी, मूंग की सहफसली खेती करने के लिए मिल प्रक्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण अभियान चलायें। प्रशिक्षण कार्यक्रामो में सहभागिता से कृषि यंत्रो से लाभ की जानकारी उपलब्ध हो। ढाढ़ा चीनी मिल के गन्ना उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता व उप महाप्रबंधक गन्ना डी.डी. सिंह ने बताया कि को. 0118 तथा को. 15023 गन्ना प्रजाति पहली बार बोने वाले किसान को बिना व्याज पर उधार बीज गन्ना दिया जायेगा।

## जानिए बसंत पंचमी में सरस्वती पूजन का मुहूर्त

**संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महिंद्र एनक्लेव स्थित होली पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी के पर्व को बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त कवि नगर स्वतंत्र कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल, संकल्प जन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार एवं जीवन विहार आर डब्लू ए के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी संजय शर्मा सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि श्री स्वतंत्र सिंह एवं अन्य सभी अतिथियों के साथ स्कूल प्रिंसिपल एवं स्टाफ ने दीप जला कर मां सरस्वती का पूजन किया। स्कूल की छात्राओं अंजलि, साक्षी, वर्षा, प्रिंसी ,अनुष्का और हिमांशी ने, हे हंस वाहिनी पर सुंदर सरस्वती वंदना नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि स्वतंत्र सिंह ने छात्राओं को





बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बसंत पंचमी का यह पर्व ऋतु परिवर्तन को दशार्ता है और बताता है की प्रकृति ने सबका कार्य निश्चित किया है, जो उसी समय पर होता है जो उसके लिए निर्धारित होता है। मुख्य अतिथि ने आगे कहा कि आप सभी बच्चों के लिए पढ़ाई ही आपका कार्य है और इसे आपको अपनी पूरी लगन और निष्ठा से करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी ने बड़े होकर कुछ ना कुछ बनने का सोचा होगा और उसे प्राप्त करने के लिए आप अभी से अपनी पढ़ाई को पूरी मेहनत, लगन और निष्ठा से करनी चाहिए। स्वतंत्र कुमार सिंह ने आगे कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत अधिक महत्व है और बिना अनुशासन के हम अपना गोल प्राप्त नहीं कर सकते, इसलिए आप सभी को अनुशासित रहते हुए अपने गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए और उनकी बातों पर ध्यान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रीतम लाल ने बसंत, पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा की हमारा देश दुनिया में अकेला ऐसा देश है जहां पर प्रकृति में होने वाले परिवर्तन को हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हुए उसे मानव जीवन की उन्नति के साथ भी जोड़ दिया जाता है जिससे उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने आगे कहा कि बसंत पंचमी के पर्व को ज्ञान की देवी सरस्वती की आराधना के साथ जोड़ दिया गया है। विशिष्ट अतिथि देवेंद्र कुमार ने बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि बसंत पंचमी पर सभी विद्यार्थियों को ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना करते हुए ज्ञान के आशीर्वाद की प्रार्थना करनी चाहिए जिससे आने वाले समय में उनका जीवन स्तर सुधर जाए क्योंकि ज्ञान के बिना जीवन में कुछ भी नहीं है अर्थात ज्ञान के बिना मनुष्य पशु के समान होता है। विशिष्ट अतिथि संजय शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चों को बहुत ध्यान लगाकर अपनी पढ़ाई करनी चाहिए, जिससे आप अपनी और अपने माता-पिता की इच्छा को पूर्ण करते हुए देश की उन्नति में भी अपना योगदान दे सके। स्कूल प्रबंधक डॉ दिनेश कुमार ने सभी को बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि बसंत पंचमी का यह पर्व हमारे जीवन में एक नई उमंग और उल्लास भरता है जैसे प्रकृति में चारों ओर खुशबू फैलना शुरू हो जाती है और नए - नए फूल - पत्ते आते हैं उसी प्रकार से छात्रों के लिए भी यह समय बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें आलस्य त्याग कर आने वाली परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करके चारों ओर अपनी खुशबू फैलाने के लिए प्रयास करना चाहिए। स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती उषा ने सभी को इस पर्व की बधाई देते हुए कहा कि हमें अपनी संस्कृति से हमेशा जुड़े रहना चाहिए क्योंकि यह हमें बहुत कुछ सिखाती है। श्रीमती उषा ने सभी अतिथियों का विशेष तौर पर सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके आने से बच्चों में बहुत अधिक उत्साह है। इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं दुर्गेश, आरती, प्रियंका, मन्नत, सोनी, निशि, अंजलि, वैष्णवी, प्रिंसी, रश्मि, रजनी, रिंकी आदि ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कूल की सभी शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा एवं मंच संचालन पूनम यादव ने किया।

## संक्षिप्त डायरी

### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान सुनी लोगों की शिकायतें

**संवाददाता**

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर आम लोगों की शिकायतों को सुना साथ ही अधिकारियों के पास आई शिकायतों का बेहतर व वक्त के साथ डिस्पोजल करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान करीब 91 शिकायते आई, जिनमें से ज्यादातर का जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने फौरन ही मौके पर डिस्पोजल कर दिया। बाकी शिकायतों के डिस्पोजल के लिये जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम , खंड विकास अधिकारी सहित अधिकारियों के साथ वर्चुअल,जूम एप के जरिये से बैठक कर उनके फौरन डिस्पोजल के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि डिस्पोजल में किसी तरह की हीला हवाली न बरती जाये। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस सहित दूसरे माध्यमों के जरिये आने वाले मामलों को मौके पर जाकर बेहतर तरीके से डिस्पोजल कर वक्त रिपोर्ट भेजें।



### हमीरपुर की कुरारा पुलिस ने पचपन, तिरेपन सहित अठ्ठावन वर्षीय तीन वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**संवाददाता**

**हमीरपुर।** हमीरपुर की कुरारा पुलिस ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत सन दो हजार दो में लडाई झगड़े के साथ ही पीड़ित को जान से मारने की धमकी देने के साथ ही उसकी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में दर्ज मुअ०सं० 1099/2002 जबकि 99/2002 धारा 323,504,506,427 आईपीसी के तहत अदालत में चल रही सुनवाई के दौरान तीनों अभियुक्तों के गैरहाजिर होने पर अदालत ने वारंट जारी कर दिये थे, जिसके बाद कुरारा पुलिस ने थानाक्षेत्र के शिवनी निवासी 55 वर्षीय रमजान पुत्र नत्थू खाँ, जबकि 53 वर्षीय बाबू खाँ पुत्र नत्थू खाँ सहित 58 वर्षीय मुन्ना खाँ पुत्र मुंशी खाँ को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई राजेन्द्र प्रसाद, हैड कांस्टेबल सतेन्द्र कुमार पटेल सहित कांस्टेबल शिवांक पटेल शामिल रहे।

### सपा अध्यक्ष इदरीस खान की अगुवाई में हुआ पीडीए की महापंचायत का आयोजन




**संवाददाता**

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में जिलाध्यक्ष इदरीस खान की अगुवाई में विधानसभा हमीरपुर की ग्राम पंचायत चंद्रपुरवा, इटरा, बांकी, बिल्हाड़ी में पीडीए की महापंचायत का आयोजन हुआ। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इदरीस खान ने बाबा साहब के संविधान पर चर्चा करते हुए कहा कि, संविधान ने ही हम सभी को समाज में इज्जत दिलाने का काम किया है। जिस तरह से बीजेपी सरकार में दलितों, पिछड़ों सहित महिलाओं और अल्पसंख्यक समाज के साथ अत्याचार हो रहा है, ये बीजेपी की दूषित मानसिकता को दशार्ता है, साथ ही वर्तमान सरकार में लगातार बलात्कार की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है, जबकि अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। पीडीए परिवार का सम्मान सिर्फ समाजवादी पार्टी में ही है। कार्यक्रम में खासतौर से शुभकरण सिंह परिहार पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर,ओम प्रकाश सोनकर वारसी प्रदेश सचिव,अभय प्रताप सिंह परिहार शिक्षक, रणबहादुर यादव जिला कोषाध्यक्ष,जगमोहन यादव, बबलू बाल्मीकि, ब्रजकिशोर शिवहरे,मनोज प्रजापति,बाबू यादव,निजाम भाई,हीरा लाल प्रजापति,सलीम खान जिलाध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ,वेद प्रकाश वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष सुमेरपुर, राघवेन्द्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी वासुदेव कुमार,राज बहादुर पाल, राघवेन्द्र यादव सहित बड़ी तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मां सरस्वती केवल विद्या ही नहीं, सृजनशीलता की भी प्रतीक: त्रिपाठी

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** फाजिलनगर विकास खंड तमकुही के अमरवा खुर्द में सरस्वती पूजा समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ, जिसमें बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने कहा कि माता सरस्वती ज्ञान, विद्या, संगीत और कला की देवी हैं। उनकी कृपा से ही मनुष्य में विवेक और



सृजनशीलता का संचार होता है। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का अवसर भी है। यह पूजा हमें शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों के पालन की प्रेरणा देती है। आचार्य गण द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन कर मां सरस्वती का पट खोला गया। पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने जय माता सरस्वती के जयकारों से माहौल को भक्तिमय कर दिया। इसके बाद शालू, निशु, आकृति, अनुराधा, काजल यादव, वर्षा गुप्ता, निरंजन, मंजय प्रजापति, आयुष राय आदि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। शानदार गायन, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन जीत बहादुर राव ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में अनुराग राय, आकाश राय, अनुराग राव, अजीत सिंह, हरिओम सिंह, आदित्य वर्धन, मोलू, आशु, रोहन, भोलू, हर्षवर्धन आदि युवाओं का विशेष योगदान रहा।

# लोक प्रशासन को प्रभावी, जवाबदेह और नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में सरकार का महत्वपूर्ण कदम है समाधान शिविर : उपायुक्त

## आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता

## सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में 10 शिकायतें




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते हुए कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं बिना किसी बाधा के प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। प्रदेश सरकार की यह पहल लोक प्रशासन को प्रभावी, जवाबदेह और नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सिर्फ शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि एक प्रभावी प्रशासनिक पहल है, जिससे नागरिकों की समस्याओं को एक ही स्थान पर त्वरित रूप से निपटाया जाता है। इस पहल का उद्देश्य जनता की समस्याओं का पारदर्शिता के साथ सुगम समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से त्वरित निपटारा करें और समाधान में अनावश्यक देरी न हो।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए उनका समाधान किया जा रहा है ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सोमवार को उपायुक्त ने जिला सचिवालय स्थित सभागार में नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि आमजन की समस्याओं का समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस में जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का पंजीकरण करके संबंधित विभाग को समस्या का निवारण करने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता होती है कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।

# जिला स्तर पर बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के तहत किया जाएगा कार्य : प्रदीप सिंह मलिक

## जिला के विकास के लिए पीएम गति शक्ति पोर्टल लॉन्च

## गति शक्ति के डिजिटल ढांचे से बुनियाद ढांचा परियोजनाओं की दक्षता और पारदर्शिता में हुआ है सुधार



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि जिला स्तर पर बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सहयोगात्मक योजना बनाने में मदद करने के लिए पीएम गति शक्ति जिला स्तरीय मास्टर प्लान के तहत कार्य किया जाएगा। यह मास्टर प्लान देश के 28 राज्यों में 28 जिलों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किया गया है, जिसमें जिला नूंह को भी शामिल किया गया है। नूंह जिला एक आकांक्षी जिला है और जिले के विकास के लिए पीएम गति शक्ति पोर्टल लॉन्च किया गया है। उन्होंने कहा कि गति शक्ति पहल, जिसका उद्देश्य कनेक्टिविटी में सुधार करना, आर्थिक विकास को समर्थन देना और नागरिकों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता में सुधार करना है, भारत के बुनियादी ढाँचे के परिदृश्य को बदलने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। अतिरिक्त उपायुक्त सोमवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में जिला के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि पीएम गति शक्ति जिला मास्टर प्लान पोर्टल बुनियादी ढांचे की योजना को विकेन्द्रित करेगा और स्थानीय स्तर पर विकास को गति देगा। उन्होंने कहा कि गति शक्ति नवाचार को बढ़ावा दे सकती है, सतत विकास को आगे बढ़ा सकती है और आधुनिक तकनीकों और कई क्षेत्रों को एकजुट करने वाली एक व्यापक रणनीति का उपयोग करके भारत को एक वैश्विक शक्ति में बदल सकती है। गति शक्ति के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, हमें आगे बढ़ना जारी रखना चाहिए, हितधारकों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए और बाधाओं को दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गति शक्ति पहल की एक प्रमुख विशेषता भू-स्थानिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) और डेटा एनालिटिक्स जैसी उन्नत तकनीकों का एकीकरण है, जो बुनियादी ढांचे की योजना में क्रांतिकारी बदलाव लाती है। यह प्लेटफ़ॉर्म 1,600 से ज़्यादा परतों का डेटा होस्ट करता है, जो ज़मीन, जंगल, राजमार्ग और शहरी केंद्रों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करता है, जिससे प्रयासों का दोहराव कम होता है और प्रोजेक्ट मंज़ूरी में तेज़ी आती है।

यह डेटा-केंद्रित दृष्टिकोण वास्तविक समय में निर्णय लेने, अतिरेक को कम करने और परियोजनाओं को बजट के भीतर और समय पर पूरा करने में सक्षम बनाता है। गति शक्ति के डिजिटल ढांचे ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की दक्षता और पारदर्शिता में काफी सुधार किया है, जिससे भारतीय व्यवसायों के लिए ऐतिहासिक रूप से उच्च रसद लागत को कम करने में मदद मिली है। इन लागतों में कटौती करके, यह पहल भारतीय उत्पादों और सेवाओं की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि पहल का फोकस जिला-स्तरीय परियोजनाओं, औद्योगिक गलियारों और स्मार्ट सिटी विकास तक विस्तारित होगा। इस बदलाव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बुनियादी ढांचे का विकास देश के हर कोने तक पहुंचे, समावेशी विकास को बढ़ावा मिले जिससे सभी क्षेत्रों और समुदायों को लाभ हो। इस अवसर पर एसडीएम नूंह प्रदीप अहलावत, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा.चिनार चहल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, एसडीएम पुन्हाना संजय कुमार व सीईओ जिप अमित कुमार, सहित जिला के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नूंह के एचसी इखलास ने हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दिखाया दम


## झटके तीन मेडल 45 वे राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हरियाणा टीम में हुआ चयन




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** तावडू के गांव गवारका के रहने वाले आईआरबी पुलिस के प्रधान सिपाही इखलास ने हिसार में आयोजित हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलीट्स चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए तीन मेडल झटके हैं। इस कामयाबी के साथ 45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हरियाणा टीम में चयन हुआ है। जो आगामी 4 से 9 मार्च तक बेंगलुरु में होगी। इखलास ने बताया कि हिसार की चौधरी चरण सिंह एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलीट चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 2 फरवरी के बीच हुआ था। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से विभिन्न एथलीटों ने अलग अलग स्पर्धाओं में भाग लिया।उन्होंने 800 मीटर में स्वर्ण पदक, 400 मीटर में कांस्य और पांच हजार किलोमीटर में रजत पदक हासिल किया है। तीन पदक जीतने पर बेंगलुरु में आगामी 4 मार्च से 9 मार्च तक होने वाली राष्ट्रीय मास्टर्स एथलीट प्रतियोगिता के लिए हरियाणा टीम में चयन हुआ है। मेवात से वह अकेले एथलीट हैं जिन्हें हरियाणा टीम के लिए चुना गया है। बता दें कि इखलास आईआरबी भोंडसी यूनिट में हेड कांस्टेबल पद पर तैनात है। वह एक होनहार एथलीट है जो दर्जनों बार विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वर्ण ,रजत और कांस्य पदक जीतता रहा है। राष्ट्रीय मास्टर्स एथलीट प्रतियोगिता के लिए हरियाणा टीम में चयन होने पर नूंह पुलिस और क्षेत्र वासियों की ओर से उन्हें बधाई दी गई है।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़वा के स्काउटस का नेशनल गोल्डन जंबूरी में बेहतरीन प्रदर्शन



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** 28 जनवरी से 3 फरवरी तक राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित द भारत स्काउट एंड गाइड्स गोल्डन जंबूरी तिरुचिरापल्ली तमिलनाडु में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़वा ,खंड सिवानी, जिला भिवानी के स्काउटस दीपक और जतिन का चयन खंड शिक्षा अधिकारी डॉ.सुरेंद्र सिंह व विद्यालय प्राचार्या अनीता मलिक के संयुक्त दिशा निर्देशन में हुआ है। खंड शिक्षा अधिकारी ने खंड सिवानी के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्काउट मास्टर राजेश कुमार व स्काउटस दीपक व जतिन को बधाई देते हुए कहा कि नेशनल गोल्डन जंबूरी में किसी स्काउट का चयन होना बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में कहा कि खंड के सभी विद्यालयों में स्काउटस एवं गाइडस यूनिट की स्थापना की हुई है। सभी स्काउट एवं गाइड्स की सभी गतिविधियों व राज्य व राष्ट्रीय स्तर के कैंपों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

जिला भिवानी के स्काउटस जिला संगठन आयुक्त प्राचार्य पवन कुमार शर्मा ने बताया कि भिवानी जिले के लगभग 38 स्काउट एवं गाइड्स के सदस्य जंबूरी में भाग ले रहे हैं जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़वा के स्काउटस दीपक ने फैशन शो,परेड, एरो, निशानेबाजी, कैंप फायर आदि प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व कर बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है।

# जनहित सेवा संस्था ने बसंत पंचमी व सर छोटूराम जयंती मनाई

## सर छोटूराम किसानों के मसीहा थे : सन्तसिंह हुड्डा



**समाचार गेट/अंतराम**

**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के कार्यालय सैक्टर 2 बल्लभगढ़ पर आज पावन पर्व बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर हंस वाहिनी ज्ञान व विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर सर छोटूराम की जयंती मनाई। इस शुभ अवसर पर सामूहिक यज्ञ का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्रधान सन्तसिहं हुड्डा ने कहा कि ऋतुराज वसंत के आगमन पर बसंत पंचमी के पर्व को माता सरस्वती के जन्मदिवस के रूप में पूरे भारतवर्ष में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसे अलग-अलग राज्यो में विभिन्न नामो से मनाया जाता है। शास्त्रो में बसंत पंचमी को ऋर्षि पंचमी भी कहा जाता है। बसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठ जाता है। मानव व पशु,पक्षी सभी उल्लास से भर जाते है। इस मौके पर मुख्य सचिव सुनील शास्त्री ने कहा कि बसंत ऋतुओ का राजा है। चारो ओर हरियाली व फूल खिल जाते है। सर छोटूराम किसानों के मसीहा थे।

इस अवसर पर संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत सचिव देविचरण वैष्णव ने सर छोटूराम के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष सन्तसिहं हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत, मुख्य सचिव सुनील शास्त्री, सचिव देविचरण वैष्णव, समाज सेवी राधारमन मिश्रा, रामकिशन हुड्डा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डां प्रवेश लाम्बा, उपाध्यक्ष ओमदत्त शास्त्री, कोषाध्यक्ष लोकेश शास्त्री , लक्की वर्मा, दीपक गोयल, अमरदीप डागर, सुरेन्द्र बांकुरा, सुन्दर तेवतिया,राजकुमार फौगाट, पं अमीराम, सन्तोष शर्मा,बबलू छाबड़ा, शिवकुमार अन्य संस्था के सभी पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद थे।

# इलीट प्रिडेटर्स ने रोचक मुकाबले में सीक्लोने क्रिकेट क्लब को 8 रनों से हराया

## भानु भड़ाना मैन ऑफ दा मैच तथा जतिन ठाकुर फाइटर ऑफ दा मैच बने


**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** आलमपुर गांव स्थित ब्लू बर्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ब्लू बर्ड क्रिकेट कप के खेले गए मुकाबले मे इलीट प्रिडेटर्स ने 8 रनों से जीत हासिल की। इलीट प्रिडेटर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर मे 198 रन बनाये। बल्लेबाजी करते हुए भानु भड़ाना ने 62 गेंदों मे नाबाद 98 रन बनाय। गेंदबाजी करते हुए ध्रुव तवर ने 4 ओवर मे 20 रन दे कर 3 विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीक्लोने क्रिकेट क्लब के जतिन ठाकुर ने 45 गेंदो मे 63 रन की नाबाद पारी खेली उनका साथ सैफ ने तथा प्रिंस गिल ने 38 तथा 29 रन बनाकर दिया। भानु भड़ाना मैन ऑफ दा मैच तथा जतिन ठाकुर फाइटर ऑफ दा मैच बने। आयोजक ब्लू बर्ड स्कूल के डायरेक्टर ध्रुव दत्ता ने खिलाड़ियों को पुस्रूकार देते हुए कहा कि कि दोनो ही टीमें बेहतरीन खेली और अंत तक दर्शकों की सांसे थमी रही




लेकिन जीत अखिरकार इलीट प्रिडेटर्स की झोली में आई।

# यातायात पुलिस की तरफ से ट्रैफिक एडवाइजरी




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** पुलिस उपायुक्त यातायात जसलीन कौर के दिशा निर्देश पर यातायात पुलिस की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है। आमजन को सूचित किया जाता है कि बल्लबगढ-मोहना सडक निर्माण हेतु गुप्ता होटल से थाना आदर्शनगर तक के मार्ग को आगामी 60 दिनों के लिए बंद किया गया है। इस सडक पर आने जाने वाहन चालक गुप्ता होटल से दाएं मुडकर मलेरना रोड से होते हुए सेक्टर -64/65 डिवाडिंग रोड से गुजरते हुए सेक्टर-64 महिला थाना बल्लबगढ़ के सामने से गुजरकर पुलिस याना आदर्श नगर के पास से मोहना रोड की तरफ आ व जा सकते हैं। यातायात पुलिस द्वारा अगले आदेश तक उपरोक्त मार्गों का रूट परिवर्तन किया गया है। यातायात पुलिस की सभी नागरिकों से अपील है कि उपरोक्त निर्माण कार्य के दौरान अपनी यातायात को सुगम बनाने के लिए एडवाइजरी का पालन करें। यातायात सहायता के लिए 0129-2225999 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पीएम कुसुम योजना के तहत लगाए गए सोलर पंप के नियम विरुद्ध कार्य पर वापिस जमा होगी अनुदान राशि : एडीसी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** प्रदेश में किसानों की फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने व खेतीबाड़ी में लागत खर्च को कम करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार द्वारा इन योजनाओं के तहत विभिन्न प्रकार की सबसिडी भी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा सोलर पंप लगाने के लिए किसानों को पीएम कुसुम योजना के तहत विशेष अनुदान दिया जा रहा है, ताकि किसानों पर ज्यादा वित्तीय बोझ न पड़े और उन्हें पारंपरिक पम्पों से छुटकारा मिल सके ।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विभाग को इस प्रकार की शिकायतें मिल रही हैं कि कई किसानों ने अपने सोलर वाटर पर्मपिंग सिस्टमों को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है या निर्धारित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर स्थापित कर उन्हें अन्य किसी कार्यों में उपयोग में लाया जा रहा है। एडीसी ने बताया कि जब पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सोलर पंप लगाने की स्वीकृति दी जाती है तो उस समय किसानों से यह लिखित रूप में लिया जाता है कि वे अपने यहां लगने वाले सोलर पंप को ना तो किसी अन्य व्यक्ति को बेचेंगे व ना ही उसे अन्य जगह शिफ्ट करेंगे। यदि वे ऐसा करेंगे तो सरकार उन्हें दी गई अनुदान राशि वापिस ले सकती है। एडीसी ने जिला के सबसिडी प्राप्त किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे किसी भी नियमविरुद्ध कार्य करने से बचें व ना ही किसी के बहकावे में आये। उन्होंने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा समय समय पर मौके पर जाकर औचक निरीक्षण भी किया जाता है।

## संपादकीय

# अतुलनीय बजट

सीतारमन ने एक महिला वित्तमंत्री के रूप में लगातार 8वां बजट लोकसभा में पेश कर एक रिकार्ड बनाया है। वित्तमंत्री द्वारा लोक सभा में पेश किया गया बजट अपने आप में पथप्रदर्शक, अग्रणी एवं अतुलनीय बजट कहा जा रहा है क्योंकि इस बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीब वर्ग एवं मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछले कुछ समय से देश की अर्थव्यस्था में विकास की गति कुछ धीमी पड़ती हुई दिखाई दे रही थी अत: विशेष रूप से मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि शेष बच सके ताकि वे विभिन्न उत्पादों को खरीदकर अर्थव्यवस्था में इनकी मांग बढ़ा सकें, ऐसा प्रयास इस बजट के माध्यम से किया गया है। साथ ही, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से रोजगार उन्मुख क्षेत्रों यथा कृषि क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, निवेश, निर्यात एवं समावेशी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि इन्हें विकास के इंजिन के रूप में विकसित किया जा सके।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया हैं। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है। अत: मोदी सरकार से अब यह अपेक्षा की जा रही थी कि मध्यमवर्गीय परिवारों को बजट के माध्यम से कुछ राहत दी जाय। और फिर, मुद्रा स्फीति की सबसे अधिक मार भी गरीब वर्ग के परिवारों एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर ही पड़ती दिखाई देती है। केंद्रीय वित्तमंत्री ने मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयकर की वर्तमान सीमा को 7 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया है। अर्थात अब 12 लाख रुपए तक की आय अर्जित करने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार का आयकर नहीं लगेगा। वेतन एवं पेंशन पाने वाले नागरिकों को 75,000 रुपए की स्टैंडर्ड कटौती की राहत इसके अतिरिक्त प्राप्त होगी। इस वर्ग के करदाताओं को 12.75 लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं चुकाना होगा। इसके साथ ही, आय कर की दरों में भी परिवर्तन किया गया है। अब 4 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर शून्य रहेगी। 4 लाख रुपए से 8 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर 5 प्रतिशत, 8 लाख रुपए से 12 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 10 प्रतिशत, 12 लाख रुपए से 16 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 15 प्रतिशत, 16 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 20 प्रतिशत, 20 लाख रुपए से 24 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर 25 प्रतिशत एवं 24 लाख रुपए से अधिक की कर योग्य आय पर 30 प्रतिशत की दर से आयकर लागू होगा।

मध्यमवर्गीय करदाताओं को उक्त सुधारों से लगभग 80,000 रुपए से 1.10 लाख रुपए तक की राशि की बचत होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस सुधार से कुल मिलाकर देश के बजट में एक लाख करोड़ रुपए की राशि कम प्राप्त होगी अर्थात मध्यमवर्गीय परिवारों को कुल एक लाख करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि का लाभ होगा। और, यह लाभ लगभग 2 करोड़ करदाताओं को होने की सम्भावना है। इससे देश के मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों के हाथों अतिरिक्त राशि उपलब्ध होगी जिसे वे विभिन्न उत्पादों की खरीद पर खर्च करेंगे और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होंगे। मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों ने जितना सोचा था शायद उससे भी कहीं अधिक राहत उन्हें इस बजट के मध्यम से दी गई है। इसीलिए ही, इस बजट को अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट की संज्ञा दी जा रही है।

मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों को, आयकर में छूट देकर, दी गई राहत देते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि इससे बजटीय घाटा में वृद्धि नहीं हो। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजटीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.9 प्रतिशत रहने की सम्भावना पूर्व में की गई थी, परंतु अब संशोधित अनुमान के अनुसार यह बजटीय घाटा कम होकर 5.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजटीय घाटा 5.4 रहने का अनुमान लगाया गया है। अत: देश की वित्तीय व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने जा रहा है। हां, पूंजीगत खर्चों में जरूर कुछ कमी रही है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च के अनुमान के विरुद्ध 10.18 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत खर्च होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11.12 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च की व्यवस्था बजट में की गई है। इस राशि को 11.11 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 लाख करोड़ रुपए किया जाना चाहिए था क्योंकि पूंजीगत खर्च में वृद्धि से देश में आर्थिक विकास की दर तेज होती है और रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। इस संदर्भ में एक रास्ता यह निकाला गया है कि केंद्र सरकार के उपक्रमों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों से अपेक्षा की गई है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ये संस्थान भी अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करें ताकि उनके द्वारा किए गए पूंजीगत खर्चों की राशि को मिलाकर कुल पूंजीगत खर्च को 15 लाख करोड़ रुपए से ऊपर ले जाया जाए।

# बागोत के मोहित सुसाइड केस में सोमवार को मानवाधिकार आयोग में हुई सुनवाई

**हाईकोर्ट के निर्णय पर टिकी आस**

**वादी के आरोपों की जांच के लिए एसआइटी तैयार**

**53 दिन से मोर्चरी में रखा हुआ है युवक का शव**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बाघेश्वरधाम बागोत स्थित 26,वर्षीय युवक मोहित सुसाइड केस में सोमवार को मानवाधिकार आयोग पंचकूला में सुनवाई हुई। जिसमें प्रशासन की तरफ से तहसीलदार एवं डीएसपी की ओर से पूरा प्रकरण हाईकोर्ट में सब ज्यूडिस होने को लेकर पक्ष रखा। जिस पर आयोग ने कैलाशचंद की ओर से हाइकोर्ट में डाली गई अर्जी पर न्यायालय के फैसले को महत्वपूर्ण बताया। उच्च न्यायालय की ओर से आज मंगलवार,4 फरवरी को अहम निर्णय लिया जा सकता है। इस बारे में वादी पक्षकार की ओर से जल्द सुनवाई के लिए दरखास्त लगाई गई है। हाइकोर्ट के आदेश पर वादी एवं प्रतिवादी पक्ष की नजरे टिकी हुई हैं।

बता दें कि पडतल गांव के सरपंच रोशनलाल इंदोरा ने वकील पदमकांत के माध्यम से जनहित एवं मानव अधिकारों को देखते हुए एक दरखास्त एचएचआरसी, हरियाणा ह्यूमन राईट कमीशन चंडीगढ में दाखिल की थी। जिसमें उन्होंने बागोत निवासी मोहित का शव कनीना अस्पताल के मोर्चरी में रखा होने व उसका निश्चित समय पर ससम्मान अंतिम संस्कार करवाने की दलील दी गई थी। जिसकी सुनवाई सोमवार 3 फरवरी मुर्करर की थी। जिस पर आयोग ने हाईकोर्ट का फैसला आने तक इंतजार करने को कहा। इसी के चलते आयोग की ओर से संभवतया आगे की तारीख नहीं दी।

इधर वादी कैलाशचंद द्वारा हाईकोर्ट में दाखिल किए गए आरोप पत्र की जाच के लिए पुलिस महानिदेशक की ओर से एसआईटी का गठन किया जा चुका है। जो एसपी के नेतृत्व में डीएसपी, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर जांच करेगी। डीजीपी द्वारा गठित की गई एसआईटी के सामने कैलाशचंद मामले से जुडे सबूतों तथा गवाहों की सूचि उपलब्ध करवा सकता है।

मृतक के पिता कैलाशचंद ने इस बारे में 14 जनवरी को पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट में अर्जी डाली गई थी। जिस पर 16 जनवरी को सुनवाई करते हुए न्यायधीश हरप्रीत सिह बरार ने कैलाशचंद को फांसी लगाकर मरे युवक मोहित का 3 दिन में अंतिम संस्कार करने, अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा मृतक के पिता को भी शामिल तफ्तीश होने के भी आदेश दिए थे। लेकिन कैलाशचंद पूर्व मंत्री सहित आठ व्यक्तियों के विरूध एफआईआर करने की मांग पर अडा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक आयोग की ओर से इस केस में आगामी तिथि नहीं दी थी।

इस बारे में तहसीलदार संजीव नागर ने बताया कि सोमवार को मानवाधिकार आयोग के समक्ष जवाबदावा दाखिल किया गया। जिसमें मामला ऑलरेडी हाईकार्ट में विचाराधीन होने की बात कही गई। आयोग ने गहनता से मंथन कर हाईकोर्ट के फैसले को सर्वोपरी करार दिया।

हाईकोर्ट के एडवाकेट सत्यारायण यादव ने कहा कि आज सोमवार को उनकी ओर से तत्काल सुनवाई के लिए हाईकोर्ट में दरखास्त लगाई गई। जिसमें जांच कमेटी को बदलने की बात कही गई है। दरखास्त पर मंगलवार 4 फरवरी को सुनवाई होने की उम्मीद है।

# विद्युतीकरण की राह पर चलते हुए भारतीय रेल ने लगाया शतक

## भारी सामान ढोने व यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे के लगातार बढ़ते कदम

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** अप्रैल 1853 को भारत में पहली बार रेल, लोहपथगामिनी रवाना की गई। उसके बाद लगातार विस्तार होता गया। वर्तमान समय में भाप वाले इंजन की बजाय ब्राडगेज रेलमार्ग पर बिजली के इंजन रेलसेवा को संचालित कर रहे हैं। बीकानेर मंडल के अंतर्गत रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन,रेलवे बोर्ड के अपर सद्स्य डॉ जयदीप गुप्ता ने बताया कि करीब 72 वर्ष बाद 3 फरवरी 1925 को भारतीय रेल ने एक और अध्याय जोड़ते हुए पहली बार छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से कुर्ला, मुंबई तक अपनी यात्रा बिजली से संचालित रेल को झंडी दिखाई। साल 2025 में भारतीय रेल विद्युतीकरण के 100 साल पूरे कर गई है। ब्रॉड गेज नेटवर्क के 100 फीसदी विद्युतीकरण के लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर है।



हालांकि, बिजली से संचालित इंजन को भारत ने 1925 में पहली बार अपनाया था। कोयला संचालित इंजन के मुकाबले ये कम रखरखाव के साथ प्रदूषण रहित थे, जो भारी मात्रा में सामान लाने व ले जाने सहित तीव्र ढलान पर आसानी से पंहुच सकते थे। आरंभिक दिनों में विद्युतीकरण की लागत अधिक थी, लेकिन शहरी यातायात और मुंबई जैसे महानगर के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुई। जबकि भाप वाले इंजन पुणे और नासिक की ओर तीव्र ढलानों को संभालने में असमर्थ थे। 1904 में बॉम्बे प्रेसीडेंसी सरकार के मुख्य अभियंता डब्ल्यूएच व्हाइट ने मुंबई में दो प्रमुख रेल नेटवर्क, ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे व बॉम्बे बड़ौदा एंड सेंट्रल इंडिया रेलवे के विद्युतीकरण करने का प्रस्ताव रखा। हालांकि प्रथम विश्व युद्ध की वजह से इस परियोजना को अस्थायी रूप से रोक दिया गया, लेकिन 1920 तक बॉम्बे-पुणे, इगतपुरी और वसई लाइनों के विद्युतीकरण की योजनाओं को मंजूरी मिल गई। उन्होने बताया कि 3 फरवरी 1925 को भारत की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन ने 1500 वोल्ट डायरेक्ट करंट पर छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और कुर्ला के बीच 16 किलोमीटर की दूरी तय की गई। यह भारतीय रेल के स्वच्छ और आधुनिक परिवहन की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस कदम के साथ, भारत दुनिया का 24वां और एशिया का तीसरा देश बन गया जहां बडे नेटवर्क के साथ इलेक्ट्रिक रेल सेवाएं संचालित कीं।

# गहरी धुंध व शीतलहर से सामान्य जनजीवन हुआ प्रभावित

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बसंत पंचमी के दूसरे दिन सोमवार को सुबह क्षेत्र में गहरी धुंध छाने तथा शीतलहर चलने से ठिठुरन महसूस हुई। धुंध छाने से सडक एवं रेल यातायात प्रभावित हुआ। विभिन्न सडक मार्गों पर वाहन बत्ती जलाकर रेंगकर गुजरते रहे। दूसरी ओर सर्दी को लेकर ग्रामीण भी अलाव सेकेते नजर आए। इस ठंड से सामान्य जनजीवन पर भले ही प्रभावित हुआ हो लेकिन यह गेहूं व सरसों की फसल के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध हो रही है। इससे पूर्व तापमान में तेजी आने से गेहूं की फसल बढवार नहीं ले रही थी वहीं सरसों में सफेद तेल व मरोडिया रोग पनपने की आशंका बन गई थी। सोमवार को क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया। कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजय यादव ने बताया कि 5 फरवरी तक मौसम परिर्वतनशील रहने की संभावना है। इस दौरान आसमान में बादलवाई रहने तथा बूंदाबांदी होने की उम्मीद है। जो रबि फसल के लिए लाभदायाी रहेगी।

# लघु सचिवालय परिसर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाए: एसडीएम मनोज दलाल



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि लघु सचिवालय परिसर में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाए। परिसर में घास, झाड़ियां आदि को कटवा कर साफ किया जाए और पेड़ पौधे लगाकर इसे सुंदर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान करें।जमाबंदी की नकल लेने के लिए किसान को कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। एसडीएम ने सरल केंद्र, रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान लोगों से बातचीत की।

समाधान शिविर के दौरान ही एसडीएम ने सरल केंद्र, रजिस्ट्री व इंतकाल कार्यालय, आधार कार्ड सहित विभिन्न ब्रांच का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालयों की व्यवस्था बनानी चाहिए और सफाई का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हिदायत दी कि कार्यों में कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने नागरिकों से भी सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में पूछताछ की। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि कर्मचारी आमजन से नम्रता व सरल तरीके से व्यवहार करें। एसडीएम ने सरल केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों को सरल केंद्र में सभी उचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर एसडीएम कार्यालय के संज्ञान में लाकर उसका निपटान जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कर्मचारी के विरूद्ध किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार अनुशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान बीडीपीओ,कानूनगो अनिल कुमार मेंचू, श्याम सुंदर सांगवान आदि मौजूद रहे।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल नूंह के विद्यार्थी का आरआईएमसी देहरादून में हुआ चयन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पुलिस लाइन नूंह में स्थित डी ए वी पुलिस पबलिक स्कूल के सातवीं कक्षा के विद्यार्थी शुभम सुपूत्र अजीत सिंह व जगवंती का सिलेक्शन देहरादून स्थित राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज में हुआ है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बलवंत बिशनोई ने बताया कि शुभम के अध्यापक व माता पिता पिछले दो साल से शुभम को इस परीक्षा की तैयारी करवा रहे थे। जून 2024 में हुई परीक्षा में शुभम ने आल इंडिया में 19वां रैंक प्राप्त किया।

एसपी नूंह विजय प्रताप (आईपीएस) ने बताया कि देहरादून स्थित राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज (आर आई एम सी) में एक परीक्षा में पूरे हरियाणा से केवल एक ही विद्यार्थी का चयन होता है। इस उपलब्धि के लिए एस पी साहब ने शुभम के माता पिता, प्रिंसिपल व अध्यापकों को बधाई दी व प्रिंसिपल डी ए वी स्कूल को आने वाले समय में भी ऐसी प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की मैनेजर अपर्णा एरी ने भी शुभम के माता पिता , स्कूल प्रिंसिपल व अध्यापकों को शुभम की इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में डी ए वी स्कूल नूंह ऐसी और भी प्रतिभाओं को आगे लाएगा व नूंह के अभिभावकों को स्कूली शिक्षा के लिए अपने बच्चों को दुसरे शहरों में नही भेजना पड़ेगा ।

# मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन को किया सम्मानित

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** दिल्ली विधान सभा के चुनाव में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की तरफ़ से लगन और मेहनत से प्रचार करने के लिए सोमवार को अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीक़ी ने चौधरी ज़ाकिर हुसैन, पूर्व विधायक व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा को राष्ट्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सूफ़ी संवाद के राष्ट्रीय प्रभारी डॉश असलम खान और सिकंदर सलमानी, प्रदेश महामंत्री, हरियाणा अल्पसंख्यक मोर्चा भी उपस्थित रहे।

# अपनी समस्याओं को लेकर निर्माण मजदूर करेंगे, 8 फरवरी को एसडीएम आफिस पर प्रदर्शन

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** सिवानी में भवन एवं अन्य निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा आईसीटीयू व भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक ने आईसीटीयू के प्रदेश अध्यक्ष आजाद सिंह मिरान की अध्यक्षता में मीटिंग हुई ।संचालन इंटक के जिला सचिव साधू राम रूपाणा ने किया आजाद सिंह मिरान ने सम्बोधित करते हुए बताया कि जब से हरियाणा में बीजेपी सरकार आई हैं तब से निर्माण कामगार दर-दर भटकने पर मजबूर हैं । निर्माण कामगारों के लिए बने कल्याण बोर्ड से मिलने वाली सुविधाओं व पंजीकरण पर बेमानी आपतति लगाए बड़े स्तर पर मजदूरों को लाभ से वंचित किया जा रहा है और बोर्ड में भ्रष्टाचार चर्म पर है और दलालों का अड्डा बना हुआ है। यूनियनों ने बहुत बार बोर्ड के आलाधिकारी को इस बारे में अवगत भी करवाया है ,परन्तु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मजदूरों कि तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही है और झूठा प्रचार प्रसार कर रही है । बीजेपी सरकार ने हरियाणा के बहुत से धनाढ्यों का ढाई हजार करोड़ रूपए माफ कर दिया और मजदूरों के बोर्ड में जो मजदूरों का पैसा है उसे देने में भी कोताही बरत रही है ।उन्होंने कहा कि इन सभी मांगों को लेकर 8 फरवरी एसडीएम आफिस सिवानी में प्रदर्शन करेंगे। वहीं साधू राम रूपाणा ने बोलते हुए कहा कि 8 फरवरी की तैयारी में गांव- गांव में जाकर निर्माण मजदूरों को जागरूक करके बड़ी संख्या में प्रदर्शन में मजदूरों को शामिल करेंगे। मीटिंग में सुरेश गुरेरा, देवेन्द्र सिवानी, ललित गुरेरा,अनारों ढाणी धिरजा, दरिया सिंह गुढ़ा, सुरेन्द्र सिवानी सन्दीप बख्तावरपुरा आदि शामिल रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं में तैयारी कैसे करें, बता रहे हैं प्रो डॉक्टर वसीम अकरम

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा सहित देश भर में बोर्ड की परीक्षाएं शुरु होने को हैं और छात्र लगातार इसकी तैयारी कर भी रहें हैं हांलाकि उन पर उम्मीदों का पहाड भी है लेकिन इस दबाव से वो सफलतापूर्वक पार पा सकते हैं। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए, आपको एक स्टडी प्लान बनाना होता है, साथ ही, आपको अपनी कमज़ोरियों पर ज़्यादा ध्यान देना होता है, ध्यान रखें कि टाइम टेबल में सभी विषयों को समय दें और अगर आप किसी विषय में कमजोर महसूस कर रहे हैं तो उसके लिए टाइम टेबल में अतिरिक्त समय दें। आप जो कुछ भी पढ़ रहे हैं वह भूलें न इसलिए टाइम टेबल में रिवीजन के लिए समय जरूर निर्धारित करें। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए, आप ये टिप्स अपना सकते हैं। मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज नूंह में मैकेनिकल विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर वसीम अकरम ने छात्रों को इस तरह से तैयार होने के लिए कहा है।

बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए, एक स्टडी प्लान बनाना चाहिए। छात्र छात्राओं को अपनी कमज़ोरियों पर ज़्यादा ध्यान देना चाहिए। बनाए गए टाइम टेबल पर टिके रहें। रिवीज़न के लिए समय निकालें। नोट्स बनाएं। सैम्पल पेपर हल करें। बीते सालों के पेपर हल करें। अच्छे स्टडी मटेरियल का इस्तेमाल करें। विशेषज्ञ से डाउट क्लियर करें। सकारात्मक बने रहें। टाइम मैनेजमेंट सीखें। आंसर साथ-सुथरी हैंडराइटिंग में लिखें। विषय को समझें, सिर्फ़ रटें नहीं। परीक्षा को तनाव के रूप में न लें। नींद पूरी जरूर लें। पढ़ने के बीच में थोड़ी देर के लिए अपना मनपसंद संगीत सुन सकते हैं। इबादत या प्राथना जरुर करें। अनावश्यक दावतों से बचें। पौष्टिक आहार जरूर लें। सेहत का ख्याल रखें।



'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### डेटा परिसंचरण सुरक्षा प्रशासन में सुधार कर रहा चीन



**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग और केंद्रीय साइबरस्पेस मामलों के आयोग समेत छह विभागों ने हाल ही में संयुक्त रूप से डेटा परिसंचरण सुरक्षा प्रशासन में सुधार और डेटा तत्वों के विपणन और मूल्य को बेहतर ढंग से बढ़ावा देने पर कार्यान्वयन योजना जारी की। इस योजना में उच्च गुणवत्ता वाले डेटा विकास और उच्च स्तरीय सुरक्षा के बीच सौम्य अंत :क्रिया को बढ़ावा देने, डेटा के मूल्य को पूरी तरह से मुक्त करने और डेटा विकास और उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। डेटा परिसंचरण सुरक्षा शासन नियम डेटा बुनियादी प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। योजना में सात भाग शामिल हैं : उद्यम डेटा संचलन सुरक्षा नियमों को स्पष्ट करना, सार्वजनिक डेटा संचलन सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत करना, व्यक्तिगत डेटा संचलन सुरक्षा को मजबूत करना, डेटा संचलन सुरक्षा जिम्मेदारी परिभाषा तंत्र में सुधार करना, डेटा संचलन सुरक्षा प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग को मजबूत करना, डेटा संचलन सुरक्षा सेवा आपूर्ति को समृद्ध करना और डेटा दुरुपयोग के जोखिम की रोकथाम करना। बताया जाता है कि अगले चरण में, चीनी राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग और राष्ट्रीय डेटा ब्यूरो समग्र समन्वय को मजबूत करेंगे, नियमों को सुधारने और परिष्कृत करने के लिए संबंधित विभागों के साथ काम करेंगे, विभागीय समन्वय को मजबूत करेंगे और पायलट परीक्षण करेंगे।

### चीन ने बुजुर्गों के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन शुरू की

**बीजिंग, एजेंसी।** जैसे-जैसे चीन की आबादी बढ़ती जा रही है, बुजुर्ग अर्थव्यवस्था आर्थिक विकास का एक नया इंजन बनती जा रही है। यह अनुमान लगाया गया है कि चीन की बुजुर्ग अर्थव्यवस्था का पैमाना एक ट्रिलियन-स्तर के बाजार तक पहुंच गया है, जो व्यापक क्षेत्रों और विविध व्यावसायिक प्रारूपों को कवर करता है। हाल ही में, कई स्थानों ने बुजुर्गों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उनके लिए उपयुक्त सांस्कृतिक और पर्यटन उत्पाद लॉन्च किए हैं। उदाहरण के लिए, बुजुर्गों के लिए विशेष टूरिज्म ट्रेन में बुजुर्गों के अनुकूल नवीनीकरण और सेवाएं उपलब्ध हैं। ट्रेन में ज़्यादातर यात्री 65 साल से ज़्यादा उम्र के बुजुर्ग हैं। यात्रा के दौरान उनकी थकान को कम करने के लिए, ट्रेन में मैन्युअल तापमान नियंत्रण प्रणाली, कॉल बटन और एक विशेष दवा बॉक्स की व्यवस्था की गई है। ट्रेन में सभी कर्मचारियों को रेड क्रॉस द्वारा पेशेवर रूप से प्रशिक्षित किया जाता है। यह ट्रेन सभी बुजुर्ग यात्रियों के लिए विभिन्न प्रकार की विशेष सेवाएं प्रदान करती है, ताकि वे अद्वितीय प्राकृतिक दृश्यों की सराहना करते हुए विचारशील सेवाओं का आनंद ले सकें।

### डेमोक्रेटिक पार्टी के नए अध्यक्ष चुने गए केन मार्टिन, डोनाल्ड ट्रंप के बढ़ते दबदबे से निपटने की चुनौती

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी ने शनिवार को मिनेसोटा में पार्टी के नेता केन मार्टिन को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया। इसके बाद अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बढ़ते दबदबे को रोकने और डेमोक्रेटिक पार्टी में फिर से मतदाताओं का विश्वास कायम करने की जिम्मेदारी केन मार्टिन के कंधों पर आ गई है। केन मार्टिन, डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के अध्यक्ष पद पर जैमी हैरिसन की जगह लेंगे, जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के बाद फिर से इस पद की जिम्मेदारी संभालने से इनकार कर दिया था। डेमोक्रेट पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद केन मार्टिन ने ट्रंप और सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी को चुनौती देते हुए कहा कि हम आ रहे हैं। यह एक नई डेमोक्रेटिक पार्टी है। केन मार्टिन ने पार्टी में बड़े बदलाव करने का संकेत दिया है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की हार की समीक्षा करने की भी बात कही। डेमोक्रेट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव वॉशिंगटन में हुआ, जहां डेमोक्रेट नेशनल कमेटी के 400 से ज्यादा सदस्य इकट्ठा हुए। केन मार्टिन ऐसे समय डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष चुने गए हैं, जब पार्टी की लोकप्रियता में लगातार कमी आ रही है। हाल ही में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार, सिर्फ 31 फीसदी मतदाता ही डेमोक्रेट पार्टी को पसंद करते हैं।

### कनाडा का एलान- अमेरिकी सामान पर लगाएंगे 25 फीसदी टैरिफ

**ओटावा, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एलान के बाद 25 फीसदी टैरिफ लगने पर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने जवाब दिया है। पीएम ट्रूडो ने कहा कि हम भी अमेरिका को जवाब देंगे। हम 155 बिलियन डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। मंगलवार से 30 बिलियन डॉलर मूल्य के सामान पर यह टैरिफ लागू किया जाएगा। जबकि आने वाले 21 दिन में 125 बिलियन डॉलर मूल्य के सामानों पर और टैरिफ लगाए जाएंगे। वहीं मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने भी डोनाल्ड ट्रंप को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने से समस्याएं हल नहीं होती हैं। मैक्सिको टकराव नहीं चाहता है। हम पड़ोसी देशों के बीच सहयोग से शुरुआत करते हैं। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि मैं सीधे अमेरिकियों हमारे सबसे करीबी दोस्तों और पड़ोसियों से बात करना चाहता हूं।

# ट्रम्प के ज्यादा बोलने से व्हाइट हाउस के स्टेनोग्राफर परेशान: 7 दिन में करीब 8 घंटे भाषण, 81235 शब्द कहे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने से व्हाइट हाउस के स्टेनोग्राफरों को परेशानी बढ़ गई है। न्यूज एजेंसी ,क्क के मुताबिक ट्रम्प सार्वजनिक भाषणों में इतना ज्यादा बोल रहे हैं कि उनके बयान को टाइप करने में स्टेनोग्राफर की हालत खराब हो रही है। वेबसाइट 'फैक्टबे एसई' के मुताबिक 2021 में बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद पहले सप्ताह में कैमरे पर 24,259 शब्द बोले थे। इसमें उन्हें 2 घंटे 36 मिनट लगे थे।

वहीं, इस बार ट्रम्प ने 7 दिनों में 81,235 शब्द कहे हैं। इतने शब्द कहने में उन्हें 7 घंटे 44 मिनट लगे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने जितने शब्द बोले, उतने 'मैकबेथ', 'हैमलेट' और 'रिचर्ड-3' जैसी 3 किताबों में भी नहीं हैं। ट्रम्प ने 8 साल पहले पहला कार्यभार संभाला था, तब उन्होंने पहले सप्ताह में 33,571 शब्द कहे थे। इतने शब्द बोलने में उन्हें 3 घंटे 41 मिनट लगे थे। यानी कि अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प बहुत ज्यादा बोल रहे हैं।

पिछले 4 साल से कम बोलने वाले जो बाइडेन के बयान को लिखने की आदत बना चुके स्टेनोग्राफर ट्रम्प के भाषण का ट्रांसक्रिप्ट करने में थकने लगे हैं। ,क्क की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि काम के बढ़ते बोझ से निपटने के लिए व्हाइट हाउस ज्यादा स्टेनोग्राफर भर्ती करने पर विचार कर रहा है। इस टर्म में ट्रम्प ने 20 जनवरी को शपथ ली। अपने संबोधन में



उन्होंने 22 हजार से ज्यादा शब्द कहे। इसके 4 दिन बाद वे कैलिफोर्निया की आग से जूझ रहे इलाके का दौरा करने गए, तो उन्होंने 17 हजार से ज्यादा शब्द बोले।

ट्रम्प के ज्यादा बोलने से विरोधी भी परेशान ट्रम्प दशकों तक लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए अनोखे तरीके आजमाते रहे हैं। न्यूयॉर्क के बिजनेसमैन के रूप में उन्होंने अपने पक्ष में कहानियां लिखवाईं जिनमें उनकी झूठी तारीफें होती थीं। उन्होंने अपनी इमारतों पर सोने की परत लगवाई ताकि लोग उनके बारे में बातें करें। इतना ही नहीं, उन्होंने बेचे जाने वाले हर प्रोडेक्ट पर अपना नाम तक लिखवाया।

रिपब्लिकन पार्टी की नीतियां तैयार करने वाले केविन मैडेन कहते हैं- ट्रम्प लगातार आने वाले समय की प्रोग्रामिंग करते रहते हैं और खुद को दर्शकों के साथ जोड़े रखने की कोशिश करते रहते हैं। शपथ ग्रहण के बाद ही यह दिखने लगा था। उन्होंने पहले एक लंबा उद्घाटन भाषण दिया और कुछ ही देर बाद वे अपने समर्थकों के पास एक मैदान में पहुंच गए और वहां भी भाषण दिया। इसके बाद वे ओवल ऑफिस गए और फिर वहां उन्होंने एक घंटे तक पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। बाइडेन के कम्युनिकेशन स्टाफ में काम करने वाली केट बर्नर ने कहा कि ट्रम्प के लगातार बयान उनके विरोधियों को कन्फ्यूज कर देते हैं। वे इतना ज्यादा बोलते हैं कि उनके विरोधी किसी एक मुद्दे का विरोध ज्यादा देर तक नहीं कर पाते। बर्नर ने कहा कि ट्रम्प को इससे दिक्कतें भी हो सकती हैं। ज्यादा बोलने से वे अमेरिकी लोगों के बीच अपनी लोकप्रियता खो सकते हैं। विरोधी बोले- अमेरिका के असाइनमेंट एडिटर बन चुके हैं ट्रम्प जो बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन के प्रवक्ता के तौर पर काम कर चुके माइकल लारोजा ने कहा कि ट्रम्प बहुत ज्यादा झूठ बोलते हैं। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने कई झूठे दावे किए, जो काफी चर्चा में रहे। उन्होंने दावा किया कि बाइडेन और ओबामा की नीतियों की वजह से ही न्यूयॉर्क में हवाई दुर्घटना हुई। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि कैलिफोर्निया की वाटर पॉलिसी की वजह से वहां जंगल में इतनी बदतर आग लगी। लारोजा ने कहा कि ट्रम्प फिर से राष्ट्रपति बन गए हैं, ऐसे में उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वे अपनी शर्तों पर खबरें तैयार कर रहे हैं और अब वे अमेरिका के 'असाइनमेंट एडिटर' बन गए हैं।

## आठ फरवरी को पीटीआई का विरोध प्रदर्शन, गृह मंत्री नकवी बोले- पुनर्विचार करे

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में जारी सियासी घमासान के बीच पाकिस्तानी गृह मंत्री मोहसिन नकवी का बयान सामने आया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि शहबाज सरकार जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से 8 फरवरी को होने वाले प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करेगी। साथ ही नकवी ने कहा कि अगर पीटीआई ऐसा करने से इनकार करती है, तो सरकार को आवश्यक कार्रवाई करनी पड़ेगी। बता दें कि जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने 8 फरवरी को काला दिवस मनाने का एलान किया है। जिस दौरान वो पाकिस्तान सरकार का विरोध करेंगे। क्योंकि पिछले साल आठ फरवरी को ही पाकिस्तान में आम चुनाव हुए थे। लाहौर में पेको रोड पर मेगा पासपोर्ट सेंटर के दौरे के दौरान नकवी ने बताया कि इसी तरह का अनुरोध 26 नवंबर को भी किया गया था और 8 फरवरी के विरोध प्रदर्शन से पहले एक और अनुरोध जारी किया जाएगा। अगर फिर भी पार्टी विरोध करने पर अड़ी रहती है, तो राज्य हस्तक्षेप करने के लिए मजबूर होगा। देखा जाए तो इसी बीच, इमरान खान ने 8 फरवरी को होने वाले विरोध प्रदर्शन से पहले सुप्रीम कोर्ट से पाकिस्तान के लोगों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

## सोमालिया की गुफाओं में छिपे आतंकी अमेरिकी हवाई हमलों में ढेर : डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने सोमालिया में आईएसआईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर दी। डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार सुबह आईएसआईएस के वरिष्ठ हमलावर और उसके द्वारा सोमालिया में भर्ती किए गए आतंकवादियों पर सैन्य हमले का आदेश दिया। ये आतंकवादी गुफाओं में छिपे हुए थे, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन पर सटीक हमला किया। ट्रंप ने कहा कि ये आतंकवादी अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए खतरा थे। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर अपने पोस्ट में कहा, आज (शनिवार) सुबह मैंने वरिष्ठ आईएसआईएस हमले के योजनाकार और अन्य आतंकवादियों पर सैन्य हवाई हमलों का आदेश दिया, जिन्हें उसने सोमालिया में भर्ती किया और नेतृत्व किया। ये हत्यारे, जिन्हें हमने गुफाओं में छिपे हुए पाया, संयुक्त राज्य अमेरिका और हमारे सहयोगियों के लिए खतरा थे। हमलों ने उन गुफाओं को नष्ट कर दिया, जिनमें वे रहते हैं, और बिना किसी तरह से नागरिकों को नुकसान पहुंचाए कई आतंकवादियों को मार डाला। उन्होंने आगे कहा, हमारी सेना ने वर्षों से इस आईएसआईएस हमले के योजनाकार को निशाना बनाया है, लेकिन बाइडेन और उनके साथी काम को पूरा करने के लिए पर्याप्त तेज़ी से कार्रवाई नहीं कर पाए। यह काम मैंने कर के दिखाया! आईएसआईएस और अमेरिकियों पर हमला करने वाले सभी अन्य लोगों के लिए संदेश यह है कि हम तुम्हें ढूंढ लेंगे, और हम तुम्हें मार देंगे।

## सूडान में पैरामिलिट्री फोर्स का बाजार में आमलोगों पर हमला: 56 की मौत, 158 घायल

**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान में सेना के खिलाफ लड़ रहे अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने शनिवार को ओमडुरमैन शहर के एक सब्जी मार्केट में आम लोगों पर हमला कर दिया। अलजजीरा के मुताबिक इसमें कम से कम 56 लोगों की मौत हो गई है, वहीं कम से कम 158 लोग घायल हुए हैं। वहीं सूडान के संस्कृति मंत्री और सरकार के प्रवक्ता खालिद अल-अलीसिर ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि हताहतों में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमले के कारण निजी और सार्वजनिक संपत्तियों को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा है। उन्होंने इस हमले को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन बताया। सूडान में 2 साल में 28 हजार से ज्यादा लोग मारे गए सूडान में लगभग दो साल से सेना और अर्धसैनिक बल के बीच संघर्ष चल रहा है। यह संघर्ष अप्रैल 2023 में तब शुरू हुआ था, जब सेना और ऋस्न्न के लीडर्स के बीच सत्ता संघर्ष की लड़ाई छिड़ गई। पिछले दो साल में अब तक 28 हजार से अधिक लोग सूडान में मारे जा चुके हैं, जबकि लाखों लोगों को पलायन करना पड़ा है। सूडान के डॉक्टर सिंडिकेट ने आरएसएफ के हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि एक गोला अल-नव हॉस्पिटल से कुछ मीटर की दूरी पर गिरा था।

## कनाडा का पीएम बनने की रेस में 3 महिलाएं: इनमें भारतवंशी रूबी भी

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी 9 मार्च को अपना नया नेता और देश का प्रधानमंत्री चुनेगी। इस रेस में 5 नाम आगे चल रहे हैं, जिनमें 3 महिलाएं हैं। इनमें भारतीय मूल की रूबी ढल्ला, पूर्व डिप्टी पीएम क्रिस्टिया फ्रीलैंड और लिबरल पार्टी की सदन नेता करीना गुल्ड प्रमुख महिला नेता हैं।

इन्वेस्टमेंट बैंकर मार्क कार्नी और बिजनेसमैन फ्रैंक बेलीस भी कनाडा क्क्रू की रेस में किस्मत आजमा रहे हैं। ट्रूडो 12 साल से लिबरल पार्टी प्रमुख है और 9 साल से पीएम हैं। ट्रूडो 6 जनवरी को इस्तीफे की घोषणा कर चुके हैं। उन पर पार्टी नेताओं ने बेरोजगारी, विदेश नीति और अलगाववादियों पर नियंत्रण करने के मोर्चे पर फेल रहने के आरोप लगाए हैं।

**रूबी फिल्मों में काम कर चुकीं हैं :** रूबी ने 22 जनवरी को जस्टिन ट्रूडो की जगह लेने के लिए आधिकारिक तौर पर दावेदारी पेश की थी। लिबरल पार्टी ने सोमवार, 24 जनवरी को उन्हें चुनाव लड़ने की मंजूरी दे दी। अगर रूबी ढल्ला, जस्टिन ट्रूडो की जगह चुनी जाती हैं तो वह कनाडा की पहली अश्वेत महिला प्रधानमंत्री बन जाएंगी। रूबी ने मंगलवार को घोषणा कर कहा कि अगर वह चुनी गईं तो अवैध अप्रवासियों को देश से निकाल बाहर करेंगी। राजनीति में कदम रखने से पहले ढल्ला ने हिंदी फिल्मों में भी काम किया था।

ढल्ला ने 2003 में 'क्यों, किस लिए' फिल्म में अभिनय किया था। 1993 में वे मिस इंडिया कनाडा प्रतियोगिता की रनर-अप भी रहीं। वे 2004 से 2011 तक सांसद रहीं। यदि भारतीय मूल की रूबी ढल्ला लिबरल पार्टी की प्रमुख बनती हैं तो 157 साल के इतिहास में यह पहली बार होगा कि कोई महिला पार्टी प्रमुख होगी। क्रिस्टिया को ट्रम्प टॉक्सिक बता चुके हैं क्रिस्टिया ने



ट्रूडो से मतभेद के चलते इस्तीफा दिया था। उन्हें मजबूत दावेदार माना जा रहा है। हालांकि, आलोचक उन्हें घोर अव्यवहारिक बता रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प उन्हें टॉक्सिक बता चुके हैं। मार्क कार्नी कनाडा के पूर्व केंद्रीय बैंक प्रमुख रह चुके हैं। वे खुद को आर्थिक संकटमोचक बता अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे देश को आर्थिक संकट से निकाल सकते हैं। 72प्रतिशत कनाडाई बोले- खालिस्तानी अलगाववादियों पर लगाम लगे कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादियों का बड़े स्तर पर विरोध हो रहा है। 54प्रतिशत कनाडाई यहां खालिस्तानी अलगाववादी आंदोलन का विरोध करते हैं। वहीं, 72प्रतिशत का मानना है कि खालिस्तानी जैसे विदेशी अलगाववादियों पर लगाम लगनी चाहिए। इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। पोल एजेंसी लीगर 360 के सर्वे में यह बात सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 30प्रतिशत कनाडाई का मानना है कि खालिस्तानियों की अलगाववादी गतिविधियों के चलते सिख समुदाय को अनुचित जांच से गुजरना पड़ता है।

## जेलेंस्की बोले- कुर्स्क में रूस ने अपने ही नागरिकों पर बम गिराए, बोर्डिंग स्कूल पर भी हमला

**कीव, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि रूस ने अपने ही कुर्स्क क्षेत्र में एक स्कूल पर बम बरसाए। इसमें कई रूसी शरणार्थी शरण लिए हुए थे। वोलोदिमिर जेलेंस्की ने आरोप लगाया है कि रूस ने एक बोर्डिंग स्कूल पर हवाई बम गिराए। एक्स पर पोस्ट में जेलेंस्की ने लिखा कि रूस इस तरह से युद्ध लड़ता है। सुदजा कुर्स्क क्षेत्र में एक बोर्डिंग स्कूल जिसे नागरिक खाली करने की तैयारी कर रहे थे, उस पर रूसी हवाई बम गिराया गया। उन्होंने इमारत को नष्ट कर दिया। जेलेंस्की ने लिखा कि इसी तरह रूस ने दशकों पहले चेचन्या के खिलाफ युद्ध लड़ा था। उन्होंने सीरियाई लोगों को उसी तरह से मारा। रूसी बम यूक्रेनी घरों को इसी तरह से नष्ट करते हैं। यहां तक कि अपने नागरिकों के खिलाफ भी रूसी सेना इसी तरह की रणनीति का इस्तेमाल करती है। उन्होंने लिखा कि यह एक ऐसा देश है जिसमें सभ्यता नहीं है। यह एक ऐसी बुराई है जो अपने आप नहीं रुकेगी। लेकिन



अगर हम दृढ़ता और निर्णायक रूप से कार्य करते हैं, तो रूस को रोकने के लिए मजबूर किया जा सकता है। ऐसा इसलिए किया जाना चाहिए ताकि दुनिया रूसी बमों से सुरक्षित रहे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को यूक्रेन ने रूस पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इसमें 12 लोग मारे गए। यूक्रेनी वायु सेना ने दावा किया कि उसने 56 ड्रोन को मार गिराया और 61 को निशाना बनाया। इससे पहले यूक्रेन के आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि यूक्रेन के शहर पोल्टावा में एक अपार्टमेंट ब्लॉक पर रूसी मिसाइल हमले में एक बच्चे समेत आठ लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। कुर्स्क मोर्चे से उत्तर कोरियाई सैनिक हटाने का दावा शनिवार को यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि भारी नुकसान के चलते उत्तर कोरियाई सैनिकों को मोर्चे से हटा लिया गया है। यूक्रेनी सुरक्षाबलों के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले तीन हफ्तों में, हमने उत्तर कोरियाई लोगों के साथ कोई गतिविधि या सैन्य झड़प नहीं देखी है। हमारा मानना है कि भारी नुकसान के कारण उन्हें वापस बुला लिया गया है। यूक्रेन ने पहले कहा था कि उसने कुर्स्क क्षेत्र में तैनात कई उत्तर कोरियाई सैनिकों को पकड़ लिया है या मार दिया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कुछ फुटेज भी पेश किए, जिनमें उन्होंने कहा है कि कुर्स्क मोर्चे पर उनकी सेना द्वारा पकड़े गए उत्तर कोरियाई सैनिकों की जानकारी दी। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा है कि घायल उत्तर कोरियाई सैनिक जिंदा पकड़े जाने के बजाय ग्रेनेड से खुद को उड़ा रहे थे।

## मैक्सिको ने ट्रंप के टैरिफ लगाने के फैसले पर किया पलटवार

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मैक्सिकन आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के जवाब में मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा की. इससे दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव और बढ़ गया. व्हाइट हाउस के इन आरोपों को खारिज करते हुए कि उनके प्रशासन के आपराधिक संगठनों से संबंध हैं, शिनबाम ने इसका दोष अमेरिका पर मढ़ दिया तथा अमेरिकी हथियार डीलरों पर अवैध समूहों को हथियार आपूर्ति करने का आरोप लगाया. उन्होंने जोर देकर कहा, यदि कोई गठबंधन मौजूद है, तो वह अमेरिका के हथियार उद्योग में है जो इन आपराधिक समूहों को उच्च शक्ति वाले हथियार बेचता है. जैसा कि अमेरिकी न्याय विभाग ने इस वर्ष जनवरी में स्वयं पुष्टि की है. शिनबाम ने दृढ़तापूर्वक कहा कि मैक्सिको किसी भी प्रकार के विदेशी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेगा. उन्होंने कहा, हम व्हाइट हाउस के इस निराधार दावे को सिरे से खारिज करते हैं कि मैक्सिकन सरकार आपराधिक संगठनों के साथ मिली हुई है. साथ ही हम अपने देश के मामलों में हस्तक्षेप करने के किसी भी प्रयास को भी खारिज करते हैं. कूटनीति के महत्व पर जोर देते हुए शिनबाम ने संघर्ष के बजाय सहयोग को मैक्सिको की प्राथमिकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि हम पड़ोसी देशों के बीच सहयोग की वकालत



करते हैं. क्लाउडिया ने आगे कहा कि हमारे प्रयास साझा जिम्मेदारी, आपसी विश्वास और संप्रभुता के प्रति सम्मान पर आधारित होने चाहिए. जिस पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता. उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, समन्वय के साथ हैं लेकिन अधीनता स्वीकार नहीं है.ट्रम्प के इस आरोप का जवाब देते हुए कि मैक्सिको फेंटेनाइल ड्रग्स तस्करी और अवैध प्रवास को नियंत्रित करने में विफल रहा है, शिनबाम ने अपनी सरकार के ड्रग्स के खिलाफ व्यापक प्रयासों पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि केवल चार महीनों में मैक्सिकन अधिकारियों ने 40 टन से अधिक अवैध ड्रग्स जब्त की. इनमें फेंटेनाइल की 20 मिलियन खुराकें शामिल थी. इसके साथ ही ड्रग्स तस्करी के आरोपं में 10,000 से अधिक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

## अमेरिका में बसे प्रवासियों को कोलंबियाई राष्ट्रपति ने देश बुलाया, कहा- जितनी जल्दी हो लौट आएं, बिजनेस करने के लिए पैसे मिलेंगे

**बोगोटा, एजेंसी।** कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने अमेरिका में रहने वाले अवैध अप्रवासियों से वापस देश लौटने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- मैं अमेरिका में बिना दस्तावेज वाले कोलंबियाई लोगों से अपील करता हूं कि वे उस देश में अपनी नौकरी तुरंत छोड़ दें और जितनी जल्दी हो सके कोलंबिया लौट आएं और देश का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि कोलंबिया सरकार उन सभी लोगों को बिजनेस करने के लिए कर्ज देगी जो कोलंबिया लौटने की पेशकश स्वीकार करेंगे। हालांकि उन्होंने इस बारे में यह नहीं बताया कि कोलंबिया लौटने वाले लोगों को कितनी रकम मिलेगी। प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक अमेरिका में करीब 2 लाख अवैध कोलंबियाई रहते हैं। कोलंबिया की आबादी 5 करोड़ से ज्यादा है। कोलंबियाई बोले- पहले देश में रह रहे लोगों की मदद करें गुस्तावो पेट्रो कोलंबिया के पहले वामपंथी राष्ट्रपति हैं। वे 2022 में देश के राष्ट्रपति बने थे। उनके अमेरिका में रह रहे लोगों के देश वापस लौटने की अपील करने को लेकर कई तरह के रिएक्शन आए हैं। इसमें कुछ ने पेट्रो का समर्थन किया, तो कुछ ने उनकी आलोचना भी की। एक्स पर ऊना टैथी नाम के यूजर ने लिखा- देश में कई ऐसे युवा हैं जिन्होंने ग्रेजुएशन किया है और उन्हें नौकरी नहीं मिल पाई है। राष्ट्रपति पेट्रो आप दूसरे देश में जा बसे लोगों की मदद बाद में कीजिएगा पहले उनकी मदद करें जो यहां पर हैं। कोलंबियाई राष्ट्रपति पर नाराज हो गए थे ट्रम्प राष्ट्रपति ट्रम्प अमेरिका में बड़े पैमाने पर अप्रवासी लोगों को देश से बाहर भेज रहे हैं। इनमें से कई कोलंबिया से भी हैं। पिछले सप्ताह इसी को लेकर राष्ट्रपति पेट्रो और ट्रम्प के बीच विवाद छिड़ गया था। दरअसल, कोलंबिया ने अवैध



अप्रवासियों को लेकर आ रहे दो अमेरिकी सैन्य विमानों के देश में लैंड नहीं होने दिया था। इससे अमेरिका नाराज हो गया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कोलंबिया के खिलाफ 25प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने अगले हफ्ते से 50प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी भी दी। ट्रम्प की कार्रवाई के जवाब में कोलंबिया ने भी अमेरिकी सामनों पर 25प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। इससे दोनों देशों के बीच टैरिफ वॉर जैसी स्थिति बन गई। हालांकि बाद में कोलंबिया अपने फैसले से पीछे हट गया। राष्ट्रपति पेट्रो ने कहा कि अमेरिका, कोलंबिया के साथ अपराधियों जैसा बर्ताव नहीं कर सकता। वे प्रवासियों को सम्मान के साथ वापस ले जाने के लिए अपना राष्ट्रपति विमान अमेरिका भेजने के लिए तैयार हैं।

**इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने मेजर जनरल इयाल जमीर को बनाया सेना प्रमुख, मार्च में संभालेंगे पदभार : तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मेजर जनरल इयाल जमीर को इस्राइली सेना का नया प्रमुख नियुक्त किया है। इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में इसकी जानकारी दी। जमीर इस्राइली सेना के 24वें प्रमुख होंगे, वे लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हालेवी की जगह लेंगे। हालेवी ने बीते महीने पद से इस्तीफा दे दिया था। मेजर जनरल इयाल जमीर 6 मार्च को आईडीएफ चीफ का पद संभालेंगे। जनरल हालेवी ने पिछले महीने दिया था इस्तीफा इस्राइली मीडिया के अनुसार, जनरल हालेवी ने इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम के बाद अपने पद से इस्तीफा देने का एलान कर दिया था। जनरल हालेवी ने 7 अक्तूबर 2023 को हुए हमास के हमले में लापरवाही की बात स्वीकारते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया। जनरल हालेवी ने मेजर जनरल इयाल जमीर को नया सेना प्रमुख बनाए जाने पर बधाई दी। आईडीएफ चीफ बनने की रेस में दो और उम्मीदवार थे, जिनमें मेजर जनरल अमीर बाराम और मेजर जनरल तामीर यादई का नाम शामिल था।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 67 पैसे गिरा, पहली बार 87 के पार

## - रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.62 पर बंद हुआ था

**मुंबई ।**

रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 67 पैसे की गिरावट के साथ 87.29 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद व्यापक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच स्थानीय मुद्रा में यह भारी गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत तथा चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया है। यह कदम विनाशकारी वैश्विक व्यापार युद्ध की ओर पहला कदम है। उन्होंने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा तेल आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग के कारण विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती से रुपये पर दबाव जारी रहा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.00 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 67 पैसे की गिरावट के साथ डॉलर के मुकाबले 87.29 पर आ गया। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.62 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109.77 पर रहा। गिरता रुपया बढ़ाएगा संकट– डॉलर के मुकाबले रुपये के गिरने से आम आदमी भी प्रभावित होगा। खाद्य तेल और दलहन का बड़ी मात्रा में भारत आयात करता है। डॉलर महंगाई होने से तेल और दाल के लिए अधिक खर्च करने पड़ेंगे जिसका असर इनकी कीमतों पर होगा। ऐसे में इनके महंगा होने से आपके किचन का बजट बिगड़ सकता है। इसके अलावा विदेश में पढ़ाई, यात्रा, दलहन, खाद्य तेल, कच्चा तेल, कंप्यूटर, लैपटॉप, सोना, दवा, रसायन, खाद और भारी मशीन जिसका आयात किया जाता है वह महंगे हो सकते हैं।

रुपये के गिरने से इन पर भी पड़ेगा असर– डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट की वजह से दवाओं के आयात के लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है,।

# बजट के बाद सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

## सोना 82,150 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 92,900 रुपए के करीब

**नई दिल्ली ।**

आम बजट पेश होने के बाद इस सप्ताह पहले दिन सोमवार को सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत सुस्त रही। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। पिछले महीने सोने के वायदा भाव नए रिकॉर्ड बनाये थे। इस समय सोने के वायदा भाव 82,150 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 92,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 404 रुपये की गिरावट के साथ 81,900 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 162 रुपये की गिरावट के साथ 82,142 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 82,284 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 81,862 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 82,600 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 515 रुपये की गिरावट के साथ 92,699 रुपये पर खुला। इस समय यह 342 रुपये की गिरावट के साथ 92,872 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 93,391 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 91,725 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल चांदी के वायदा भाव ने 1,00081 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वहीं वैश्विक– बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखी जा रही है।

कॉमेक्स पर सोना 2,846.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,835 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 27.50 डॉलर की गिरावट के साथ 2,807.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.46 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.26 डॉलर था।

हालांकि इस समय यह 0.56 डॉलर की गिरावट के साथ 31.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# ज़ीरोबी ने भारत में वॉटर सॉफ़्टनिंग सॉल्यूशंस में अपनी लीडरशिप को किया और भी मजबूत

**मुंबई/इन्दौर ।**

भारत की प्रसिद्ध वॉटर प्यूरीफिकेशन और सॉफ्टनिंग सॉल्यूशंस ब्रांड, ज़ीरोबी, देश में हार्ड वॉटर की समस्या का समाधान करने में लगातार नए मानक स्थापित कर रहा है। इनोवेशन और क्वालिटी के लिए मशहूर, ज़ीरोबी लाखों घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का भरोसेमंद विकल्प बन चुका है। ज़ीरोबी ने हाल ही में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है - इसके वॉटर सॉफ़्टनर्स अब तक 3 लाख से ज़्यादा घरों तक पहुँच चुके हैं। यह उपलब्धि ज़ीरोबी के उस वादे को मजबूत करती है, जिसमें यह लोगों को हार्ड वॉटर की समस्याओं से निजात दिलाने और उनकी लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने की बात करता है। भारत के कई हिस्सों में हार्ड वॉटर, जिसमें कैल्शियम और मैग्नीशियम की मात्रा ज़्यादा होती है, एक बड़ी समस्या है। इसके कारणत्वचा शुष्क हो जाती है, बालों को नुकसान पहुँचता है और बाथ फिटिंग्स, घरेलू उपकरणों और पाइपलाइन में खराबी आ जाती है। वॉटर सॉफ़्टनिंग टेक्नोलॉजी में मार्केट लीडर होने के नाते, ज़ीरोबी का ऑटोमैटिक वॉटर सॉफ़्टनर्स का रेंज इन सभी समस्याओं का हल करता है। साथ ही, यह सेफ्टी, एनर्जी एफिशिएंसी और उपयोग में आसानी को भी सुनिश्चित करता है।

ज़ीरोबी के वॉटर सॉफ़्टनर्स पेटेंटेड तकनीक के साथ फ़ूड-ग्रेड रेज़िन का उपयोग करते हैं, जो इन्हें पूरी तरह सेफ और हर रोज़ इस्तेमाल के लिए परफेक्ट बनाते हैं। कंपनी के सॉल्यूशंस हर ज़रूरत को पूरा करते हैं–चाहे वह छोटे अपार्टमेंट्स के लिए हो या बड़ी कम्युनिटी के लिए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट्स। ज़ीरोबी का एडवांस ऋ-ष्ठ डिपार्टमेंट लगातार नई टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है, ताकि लोगों को बेस्ट प्रोडक्ट्स मिल सकें। ज़ीरोबी के मार्केटिंग और प्रोडक्ट डेवलपमेंट हेड अभिषेक सिंह कहते हैं– ÷3 लाख से ज्यादा घरों तक पहुँचने का यह सफर हमारे कस्टमर्स के भरोसे और हमारी मेहनत का सबूत है। हम सिर्फ हार्ड वॉटर की समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं, बल्कि लोगों की ज़िंदगी को आसान और बेहतर बना रहे हैं। ज़ीरोबी सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि वॉटर ट्रीटमेंट में इनोवेशन और ट्रस्ट की पहचान है। हमारा उद्देश्य है ऐसे एनर्जी एफिशिएंट, सुरक्षित और उपयोग में आसान प्रोडक्ट्स बनाना, जो हर भारतीय परिवार की ज़रूरतों को पूरा करें।÷

# बजट के बाद कच्चा तेल महंगा, बदले पेट्रोल-डीजल के दाम

## - ब्रेंट क्रूड का भाव 76.19 डॉलर प्रति बैरल पर

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में एक बार फिर से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव तो 76.19 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है तो क्रूड का भाव 73.80 डॉलर प्रति बैरल है। इस बीच ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपडेट कर दी हैं। हालांकि, ज्यादातर शहरों में कीमतें स्थिर हैं लेकिन कुछ जगहों पर पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं। देश के 4 महानगरों में से सिर्फ चेन्नई में ईंधन के दाम बढ़े हैं। वहीं राज्यों की बात करें तो मध्य प्रदेश में पेट्रोल 0.68 पैसे प्रति लीटर और छत्तीसगढ़ में 0.64 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। उधर, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड और त्रिपुरा समेत कुछ राज्यों में कीमते कम हुई हैं। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.50 रुपये और डीजल 90.03 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.90 रुपये और डीजल 92.49 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 105.01 रुपये और डीजल 91.82 रुपये प्रति लीटर है। गाजियाबाद में पेट्रोल 94.50 रुपये और डीजल 87.81



रुपये प्रति लीटर हो गया है। नोएडा में पेट्रोल 94.71 रुपये और डीजल 87.89 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.58 रुपये और डीजल 92.26 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# लिथियम बैटरियों से जुडे उद्योगों को कर में बडी छूट, सस्ते होंगे इलेक्ट्रिक वाहन

**नई दिल्ली ।** लिथियम बैटरियों और उससे जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट 2025–26 में बड़ी कर छूट की घोषणा की है। सरकार ने लिथियम–आयन बैटरी स्क्रैप, कोबाल्ट, लेड, जिंक और अन्य 12 महत्वपूर्ण खनिजों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) हटाने का फैसला किया है। इस कदम का उद्देश्य लोकल मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करना, आयात पर निर्भरता कम करना और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) व इलेक्ट्रॉनिक्स को अधिक किफायती बनाना है। ये सभी सामग्रियां बैटरी, सेमीकंडक्टर और रिन्यूएबल एनर्जी उपकरणों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा, ईवी बैटरी निर्माण में उपयोग होने वाली 35 अन्य सामग्रियों और मोबाइल फोन बैटरी निर्माण के लिए 28 जरूरी चीजों को भी टैक्स फ्री कर दिया गया है। इससे कंपनियां एडिशनल टैक्स चुकाए बिना आवश्यक मशीनों और उपकरणों का आयात कर सकेंगी, जिससे उत्पादन लागत कम होगी और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। इस फैसले से टाटा, ओला इलेक्ट्रिक और रिलायंस जैसी कंपनियों को अपने घरेलू संचालन का विस्तार करने में मदद मिलेगी। सरकार के इस कदम से ईवी बैटरियां सस्ती होने की उम्मीद है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन अधिक किफायती हो जाएंगे और इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित होगा। साथ ही, भारत की चीन पर निर्भरता कम होगी और स्वदेशी उत्पादन को मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे देश में क्लीन एनर्जी को भी बढ़ावा मिलेगा और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सहायता मिलेगी।

## अनुसंधान और विकास को मजबूत करने 20,000 करोड़ का आवंटन

**नई दिल्ली ।** देश के उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने बताया कि अनुसंधान को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का आवंटन केंद्रीय बजट 2025-26 में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आवंटन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को 20,000 करोड़ रुपये की सहायता भी शामिल है। सरकार द्वारा अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना के लिए भी ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें अगले पांच वर्षों में 50,000 ऐसे लैब्स की स्थापना की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य है युवाओं में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना। इस स्वर्णिम आवंटन का लाभ निजी व सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान, कृत्रिम मेधा और भू-स्थानिक पहलों के विस्तार और नवाचार आधारित विकास को बढ़ावा देने में मिलेगा। इसके साथ ही कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना और एआई-संचालित शिक्षा में 500 करोड़ रुपये के निवेश से भविष्य के लिए कार्यबल की तैयारी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस आवंटन के माध्यम से भारत को गहन प्रौद्योगिकी अनुसंधान को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी और देश को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।



## वैश्विक एआई क्रांति में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगाः नायडू

**नई दिल्ली ।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को वित्त आयोग की बैठक से पहले आयोजित सम्मेलन में भारत की वैश्विक आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की चर्चा की। विभिन्न क्षेत्रों में एआई का इस्तेमाल करने की बात करते हुए उन्होंने विकास के माध्यम के रूप में भारत को अग्रणी बताया। नायडू ने हरित ऊर्जा के महत्व पर भी जोर दिया और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए हरित हाइड्रोजन उत्पादन को उठाने की सलाह दी। उनके द्वारा दिए गए प्रेरणादायक विचारों ने दरअसल, दावोस समारोह में भारत की मुख्य भूमिका को और भी मजबूत कर दिया है। नायडू ने आज के समय में एआई की महत्वपूर्णता को समझाया और देश के विकास में इसका प्रमुख योगदान बताया। उन्होंने आगे का मार्ग देखने के लिए कृत्रिम मेधा और हरित ऊर्जा क्षेत्र में नये उद्यमों की आवश्यकता होने की चेतावनी भी दी।

## बजाज ऑटो की जनवरी में बिक्री सात प्रतिशत बढ़ी

**मुंबई ।** बजाज ऑटो की जनवरी में निर्यात सहित कुल बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 3,81,040 इकाई रही। बजाज ऑटो लिमिटेड की ओर से जारी बयान के अनुसार कंपनी ने जनवरी 2024 में कुल 3,56,010 वाहनों की बिक्री की थी। मोटर वाहन विनिर्माता की वाणिज्यिक वाहनों सहित कुल घरेलू बिक्री पिछले महीने नौ प्रतिशत घटकर 2,08,359 इकाई रह गई, जो जनवरी 2024 में 2,30,043 इकाई थी। कंपनी ने कहा` कि समीक्षाधीन महीने में कुल निर्यात 37 प्रतिशत बढ़कर 1,72,681 वाहन हो गया, जबकि जनवरी 2024 में यह 1,25,967 इकाई रहा था।

## भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी में छह महीने के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली ।** भारतीय विनिर्माण क्षेत्र ने जनवरी में छह महीने में उच्च स्तर पर पहुंच गई है, जिसमें निर्यात में 14 वर्षों की सबसे तेज वृद्धि का महत्वपूर्ण योगदान है। एक मासिक सर्वेक्षण अनुसार एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 57.7 हुआ जो दिसंबर के 56.4 के मुकाबले उच्च है। इस स्थिति में उत्पादन गतिविधियों में विस्तार का संकेत है जो नए निर्यात ऑर्डरों में स्थिर वृद्धि को प्रेरित करता है। एचएसबीसी के एक मुख्य अर्थशास्त्री ने इस वृद्धि को उत्साहपूर्ण माना और कहा` कि घरेलू और निर्यात मांग के समृद्ध होने से यह अच्छे संकेतों का सामना कर रहा है। कंपनियों ने नए ऑर्डरों के साथ मजबूत वृद्धि देखी है और भविष्य में भी उत्पादन की संभावनाओं में आशा जताई है। इस उत्साहित माहौल में लागत दबाव नीचे आ गया है जबकि बिक्री मूल्यों में मजबूती आई है। यह सभी तथ्य हमें यह साबित करते हैं कि भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में जनवरी महीने ने उच्च स्तर पर वृद्धि को दर्शाया है और आने वाले समय में इसे और भी बढ़त मिल सकती है।

## ओला इलेक्ट्रिक ने लांच की तीसरी पीढ़ी की एस1 रेंज

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी तीसरी पीढ़ी की एस1 रेंज लॉन्च की है। इन स्कूटर्स की शुरुआती कीमत 79,999 रुपये रखी गई है, जो इंट्रोडक्टरी प्राइस है। इस नई रेंज के तहत एस1 एक्स, एस1 एक्स प्लस, एस1 प्रो और एस1 प्रो प्लस मॉडल्स पेश किए गए हैं। कुछ समय के लिए यह स्कूटर सस्ते दाम में उपलब्ध होंगे, जिसके बाद कंपनी इनकी कीमत बढ़ा सकती है। ओला के ये नए स्कूटर पिछली जनरेशन के मॉडल्स को रिप्लेस करेंगे और बेहतर परफॉर्मेंस व नई तकनीक के साथ आएंगे। लॉन्चिंग के दौरान, ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर भाविश अग्रवाल ने कहा कि पहली पीढ़ी के स्कूटर्स के जरिए कंपनी ने देश में ईवी क्रांति की शुरुआत की थी। दूसरी पीढ़ी में हर प्राइस रेंज के ग्राहकों के लिए स्कूटर पेश किए गए थे।

## टैक्स छूट के बाद आरबीआई देगा मिडिल क्लास को तोहफा

### - ईएमआई में होगी कटौती! 7 फरवरी को हो सकता है ऐलान




**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में मिडिल क्लास को बड़ी राहत दी है। अब बजट में टैक्स राहत के ऐलानों के बाद अब सभी की निगाहें 7 फरवरी पर टिकी हैं। दरअसल, आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक 5 से 7 फरवरी तक चलेगी। 7 फरवरी को बैठक में लिए गए फैसलों का ऐलान होगा। बजट में टैक्स छूट के ऐलान के बाद मिडिल क्लास में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ गई है। अगर आरबीआई एमपीसी ब्याज दरों/रेपो दर में कटौती का फैसला लेता है तो इससे मिडिल क्लास से ईएमआई का बोझ कम होगा। अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत और महंगाई में नरमी लौटने के बीच कई एक्सपर्ट्स उम्मीद जता रहे हैं कि इस बार की बैठक में आरबीआई एमपीसी ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वॉइंट की कटौती कर सकता है। बता दें कि फरवरी, 2023 से रेपो दर को 6.5 फीसदी पर यथावत रखा है। इस दौरान मॉनिटरी पॉलिसी की 11 मीटिंग हो चुकी हैं। सरकार ने आरबीआई को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित खुदरा महंगाई 4 फीसदी (2 फीसदी ऊपर या नीचे) पर बनी रहे।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## निवेशकों को 5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन से आयात पर टैरिफ शुल्क बढ़ाने के फैसले से भी दुनिया भर के बाजारों पर विपरीत प्रभाव पड़ा जिससे भारतीय बाजार भी नीचे आया। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

आज सुबह 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 500 अंक की गिरावट के साथ ही 77,063 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 900 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 76,756 तक गिरा और अंत में 319.22 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी की गिरावट पर बंद हुआ। इसी प्राकर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज कार निफ्टी भी आज सुबह गिरावट पर खुला पर अंत में कुछ हद तक उबरते हुए निफ्टी 121 अंक तकरीबन 0.52 फीसदी नीचे आकर 23,361 पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार



रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, एचडीएफ़सी बैंक,एलएंडटी, और हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसे हैवीवेट शेयरों में बिकवाली से भी बाजार गिरा। अभी भारतीय बाजार पर टैरिफ शुल्क से अधिक प्रभाव नहीं पड़ा है पर डॉलर इंडेक्स के 109.6 से ऊपर पहुंचने से एफआईआई की अधिक बिकवाली शुरू हो जाएगी। इससे बाजार दबाव में आ जाएगा। अमेरिका के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश के बाद ही बाद ही रुपये में भारी गिरावट आई है। भारतीय रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 67 पैसे की गिरावट के साथ 87.29 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। बाजार में आई बड़ी गिरावट से निवेशकों को 5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण कम होकर 419,83,537 करोड़ रुपये रह गया है जबकि इससे पहले ये 424,80,380 करोड़ रुपये था।वहीं शनिवार को बजट के बाद बाजार सपाट बंद हुआ था।

# यूरोपियाई आयोग की चेतावनी- अमेरिका की शुल्क नीति पर कड़ी प्रतिक्रिया

## - चीन, कनाडा, और मैक्सिको जैसे देशों ने भी भारी शुल्कों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की घोषणा की

**ब्रुसेल्स ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तीन देशों पर लगाए गए शुल्क (टैरिफ) की घमासान स्थिरता को हिला देने के साथ-साथ यूरोपीय आयोग ने इस पर आलोचना की है। आयोग ने कहा कि यह कदम वैश्विक व्यापार को प्रभावित करता है और सभी के लिए नुकसानदायक है। यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रवक्ता ने दोषपूर्ण शुल्क लगाने के फैसले का खेद जताया और चेतावनी दी है कि अगर ईयू को निशाना बनाया गया तो वह भी जवाब देगा। उन्होंने खुली व्यापार व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों के पालन को आर्थिक विकास के लिए जरूरी बताया। इस विवाद में अमेरिका का कदम महंगाई में इजाफा होने का अंदेशा देता है जिससे सभी पक्षों को नुकसान पहुंच सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यहाँ तक कहा है कि वह यूरोपीय संघ के उत्पादों पर और शुल्क लगाएगा, जिससे विपक्षी मुद्राएं उठाने की संभावना है। इसके परिणामस्वरूप चीन, कनाडा, और मैक्सिको जैसे देशों ने भी भारी शुल्कों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की घोषणा की है। इस भूखंड पर उबाऊ विरोध के साथ, बहुत सारे देश व्यापारिक संबंधों में समिक्षात्मक माहौल में उलझे हैं। एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को ट्रंप ने एक आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत और मैक्सिको व कनाडा से आने वाली वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया गया। इस कदम का व्यापक विरोध हुआ और कई देशों ने जवाबी कार्रवाई की। इसके जवाब में, चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि वह विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत दर्ज कराएगा और अपने हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने घोषणा की कि मंगलवार से अमेरिका से आयातित 21 अरब डॉलर की वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने भी अपने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे देश के हितों की रक्षा के लिए शुल्क और अन्य व्यापारिक उपाय अपनाएं।

## वित्त मंत्री ने घोषित की गिग श्रमिकों के लिए पीएम-जेएवाई की योजना

**नई दिल्ली ।** व्यय सचिव मनोज गोविल ने बताया कि वित्त मंत्रालय श्रम विभाग के साथ परामर्श कर रहा है और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत एक करोड़ गिग श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की योजना बना रहा है। गोविल ने बताया कि ई–श्रम मंच पर गिग कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र और पंजीकरण की व्यवस्था की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में घोषणा की थी कि गिग कर्मियों को पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। इससे आयुष्मान भारत पीएम–जेएवाई योजना को बढ़ावा मिलेगा, जिसका उद्देश्य 12 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवारों को स्वास्थ्य कवर प्रदान करना है। मनोज गोविल ने एक साक्षात्कार में बताया कि वित्त मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों के साथ परामर्श के माध्यम से योजना की रूपरेखा तैयार की जा रही है। उन्होंने भी बताया कि गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना की लागत के बारे में गणना की जा रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने यह निर्णय लिया कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाएगी, चाहे उनकी आय कुछ भी हो। इससे वृद्ध नागरिकों को भी समाजिक सुरक्षा का लाभ मिलेगा।

# डी गुकेश को हराकर प्रज्ञानंद ने रचा इतिहास, टाटा स्टील मास्टर्स का जीता खिताब

**विज्क आन जी, नीदरलैंड (एजेंसी)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब जीत लिया। प्रज्ञानंद ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को टाईब्रेकर में 2-1 से खिताब पर कब्जा जमा लिया। बता दें कि इससे पूर्व दोनों भारतीय खिलाड़ी अंतिम दिन अपनी बाजियां हार गए थे लेकिन दोनों की बीच खिताब के लिए टाईब्रेकर मुकाबला हुआ था। जिसमें प्रज्ञाननंद ने बाजी मारी। प्रज्ञानंद और गुकेश दोनों को अपने अंतिम दौर में मैचों में हार का सामना करना पड़ा। गुकेश को अर्जुन एरिगैसी ने हराया, जबकि प्रज्ञानंद जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए। इन असफतलाओं के बावजूद, वे लीडरबोर्ड में टॉप पर बने रहे, जिससे टूर्नामेंट टाईब्रेकर में चला गया।

प्रज्ञानंद ने मास्टर्स में पूर्ण अंक प्राप्त करने और अपनी पहली जीत हासिल करने के लिए सही तकनीक का प्रदर्शन किया तो दूसरी और गुकेश के लिए, ये लगातार दूसरा साल था जब वह पहले स्थान के लिए बराबरी पर रहे और टाईब्रेकर हार गए, पिछले साल के पिछले सीजन में गुकेश चीनी वेई यी से भी हार गए थे। जहां गुकेश को अपने साथी भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा वहीं प्रज्ञाननंदा जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए। प्रज्ञाननंदा ने अपनी जीत के बाद टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट से कहा, ''मेरे हाथ अब भी कांप रहे हैं। यह कितना रोमांच से भरा दिन था। मेरे पास इसको व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे वास्तव में जीत की उम्मीद नहीं थी लेकिन चीजें मेरे अनुकूल होती रही।''केवल दो साल की उम्र से शतरंज खेल रहे प्रज्ञाननंदा ने कहा, ''मेरे लिए यह दिन खास है क्योंकि मैंने टूर्नामेंट जीता है। लेकिन निश्चित तौर पर यह तनाव से भरा दिन था।'' गुकेश ने टाईब्रेकर में पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई लेकिन प्रज्ञाननंदा ने इसके बाद शानदार वापसी करके अगली दोनों बाजियां जीत कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रज्ञाननंदा ने कहा, ''विंसेंट के खिलाफ मैं उस स्तर के आसपास भी नहीं खेल पाया, जिस स्तर पर मैं यहां खेल रहा था। मुझे अर्जुन को कोई उपहार देना चाहिए क्योंकि कई बार मुझे लगा कि गुकेश ने टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया।'' उन्होंने कहा, ''मैं जीत का लक्ष्य लेकर यहां आया था लेकिन चुनौती काफी कड़ी थी।मैं वास्तव में कल तक इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा था। मैं काफी थक चुका हूं और अब थोड़ा विश्राम करना चाहता हूं।'' गुकेश को यहां लगातार दूसरे वर्ष टाईब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा। पिछली बार वह चीन के चीनी वेई यी से हार गए थे।




## भारतीय टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत दिला सकते हैं विराट और रोहित : गंभीर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने खराब फार्म से जूझ रहे विराट कोहली और रोहित शर्मा का बचाव करते हुए कहा है कि आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी में ये दोनो टीम को जीत दिला सकते हैं। विराट और रोहित पिछले कुछ समय से रन बनाने में लगातार असफल् रहे हैं। ऐसे में इनको टीम में रखे जाने पर भी सवाल उठ रहे थे। गंभीर ने कहा, उन्हें (चैंपियंस ट्रॉफी में) बड़ी भूमिका निभानी होगी। मुझे लगता है कि रोहित और विराट दोनों ड्रेसिंग रूम में बहुत अधिक मूल्य जोड़ते हैं। वे भारतीय क्रिकेट में भी बहुत मूल्य जोड़ते हैं। और मैंने पहले भी कहा है, वे लोग जीत के बहुत भूखे हैं, वे देश के लिए खेलना चाहते हैं। उनमें देश के लिए खेलने और अच्छा प्रदर्शन करने का जज्बा है।

गंभीर ने कहा कि टीम चैंपियंस ट्रॉफी में एक पल के लिए भी आराम नहीं कर सकती क्योंकि 50 ओवर के विश्व कप की तुलना में उनके पास लय हासिल करने के लिए केवल तीन लीग मैच हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 50 ओवर के विश्व कप की तुलना में पूरी तरह से अलग चुनौती है, इसलिए आप इस टूर्नामेंट में कहीं भी नहीं रुक सकते। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि हम वास्तव में अच्छी शुरुआत करने जा रहे हैं, क्योंकि अंततः, यदि आप आगे बढ़ना चाहते हैं और प्रतियोगिता जीतना चाहते हैं, तो आपको 5 गेम जीतने होंगे।

गंभीर ने 23 फरवरी को दुबई में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को अधिक हाइप देने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि देखिए, हम चैंपियंस ट्रॉफी में यह सोचकर नहीं जाते कि 23वां मैच हमारे लिए सबसे अहम है। मुझे लगता है कि सभी खेल महत्वपूर्ण हैं। दुबई जाने का मिशन चैंपियंस ट्रॉफी जीतना है, न कि केवल एक विशेष गेम जीतना। महत्वपूर्ण बात यह है कि मुझे लगता है कि जब दो देश, भारत और पाकिस्तान, एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, तो जाहिर तौर पर भावनाएं बहुत अधिक होती हैं पर अंततः मुकाबला वही रहता है।

## बीसीसी अंडर-19 महिला टीम को पांच करोड़ रुपये इनाम देगा




**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप विजेता अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए उसे पांच करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। बीसीसीआई ने टीम जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने टूर्नामेंट में के असाधारण प्रदर्शन किया है। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के साथ ही टीम की मुख्य नूशिन अल खादीर के साथ-साथ उनके सहयोगी स्टाफ को भी सराहा। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, अंडर-19 महिला विश्वकप को दूसरी बार जीतने के लिए टीम को हम बधाई देते हैं जिस प्रकार से टीम ने इस टूर्नामेंट में सभी मैच जीते हैं। उससे पता चलत है कि देश में महिला अंडर-19 क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह ट्रॉफी हम सभी के लिए गर्व का क्षण है और मैं हर सदस्य को आगे बढ़ते हुए देखकर खुशी का अनुभवी रहें हैं। वहीं

वहीं बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, लगातार दूसरा विश्वकप जीतना टीम में अनुशासन और द्दढ़ता दिखाता है। यह जीत भारत की युवा लड़कियों की अगली पीढ़ी को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी।

बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, यह जीत टीम के समर्पण, द्दढ़ता और कौशल को दिखात है। इससे देश में जमीनी स्तर के क्रिकेट की बढ़ती ताकत का अंदाज होता है। इससे ये भी पता चलता है कि देश में महिला क्रिकेट का उज्ज्वल भविष्य है। भारतीय टीम ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार विश्वकप जीता था।

## जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर आया बड़ा अपडेट, चैंपियंस ट्रॉपी से पहले करना होगा ये काम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान हो चुका है, लेकिन अभी भी स्क्वॉड में बदलाव की संभावना है। दरअसल, आईसीसी ने सभी आठ टीमों के समक्ष डेडलाइन रखी है कि वे 11 फरवरी तक अपनी-अपनी टीम में बदलाव कर सकती हैं। टीम इंडिया के लिए जसप्रीत बुमराह की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है। अब एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि बुमराह बेंगलुरु स्थिति नेशनल क्रिकेट अकादमी में आ गए हैं, जहां वो मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे।

टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक जसप्रीत बुमराह 2-3 दिनों तक NCA स्पेशलिस्ट्स की निगरानी में रहने वाले हैं। पूरी जांच करने के बाद ही रिपोर्ट अजीत अगरकर की लीडरशिप वाली चयन समिति को भेजी



जाएगी। भारतीय टीम का ऐलान होने से पहले एक अपडेट सामने आया था कि बुमराह को भारतीय टीम में शामिल तो किया जाएगा, लेकिन प्लेइंग इलेवन में खेलेंगे या नहीं ये केवल उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है।

वहीं पिछले महीने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने कहा था कि , जसप्रीत बुमराह को पांच हफ्ते का आराम दिया गया है और वो इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे। अगरकर का कहना था कि बुमराह की फिटनेस पर फैसला फरवरी महीने की शुरुआत में किया जाएगा। सारी मेडिकल जांच रिपोर्ट्स को परखने के बाद ही कोई फैसला किया जाएगा।

टीम इंडिया के पास ये तय करने के लिए सिर्फ एक सप्ताह बाकी रह गया है कि जसप्रीत बुमराह को चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वॉड में बनाए रखना है या नहीं। 11 फरवरी तक सभी आठ टीमों को तय करना है किस प्लेयर को स्क्वॉड में रखना है और किसे नहीं। फिलहाल, बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में खेलकर खुद की फिटनेस को साबित करना पड़ेगा।

## संजू सैमसन की अंगुली में फ्रेक्चर, 5-6 सप्ताह तक क्रिकेट से रहेंगे दूर

नई दिल्ली। स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है जिसके कारण वह एक महीने से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे और आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे। उन्हें मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंगुली में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद लगी थी। सैमसन तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद ही ट्रेनिंग शुरू करेंगे। प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी से पहले उन्हें एनसीए की मंजूरी की जरूरत होगी। मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, 'सैमसन की दाहिनी तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है। उन्हें नेट पर अभ्यास शुरू करने में पांच से छह सप्ताह लगेंगे। इसलिए उनके आठ से 12 फरवरी तक पुणे में केरल (जम्मू-कश्मीर के खिलाफ) के लिए रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में खेलने की कोई संभावना नहीं है। पूरी संभावना है कि उनकी वापसी आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए होगी।'

## चैम्पियंस ट्रॉफी में मेजबान पाकिस्तान से सावधान रहे भारत और ऑस्ट्रेलिया : पोंटिंग

सिडनी। ऑस्ट्रेतियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में मेजबान पाकिस्तान की टीम को कम आंकना भूल होगी। पोंटिंग के अनुसार भारत और ऑस्ट्रेलिया इस बार खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं पर इन्हें मेजबान टीम से सतर्क रहना होगा। पोंटिंग ने कहा कि टूर्नामेंट का फाइनल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो सकता है पर इन्हें टूर्नामेंट में पाक से सावधान रहना होगा। भारतीय टीम अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी। पोंटिंग मानते हैं कि मेजबान दोनों टीमों को कड़ी चुनौती दे सकता है। उन्होंने कहा, 'भारत और ऑस्ट्रेलिया के अलावा हाल के समय में पाक ने भी काफी अच्छा खेला है। उसका एकदिवसीय में पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन रहा है। हम जानते हैं कि वे बड़े टूर्नामेंटों में पिछले कुछ समय से इतना अच्छा नहीं कर रहे पर उन्होंने हाल में चीजों को थोड़ा सा सुलझा लिया है।' आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी में पाक ने पिछले साल तीन एकदिवसीय सीरीज खेलीं और सभी में जीत हासिल की। उसने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे में 2-1 से वापसी की जीत दर्ज की और फिर दक्षिण अफ्रीका में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में हराया।

## अपने पास मोबाइल भी नहीं रखते धोनी : शुक्ला



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का स्वभाव ऐसा है कि वह हमेशा अलग रहते हैं। यहां तक कि अपने पास मोबाइल फोन तक नहीं रखते। ऐसे में कई बार चयन समिति को भी उसने संपर्क करने में परेशानी आती है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि पर धोनी हो कमिटमेंट करते हैं, उसे जरुर पूरा करते हैं। साथह कहा कि धोनी के अंदर कोई हल्कापन नहीं है। वह बेकार की बातें नहीं करते। जब उनसे पूछा गया कि धोनी समाज से अलग क्यों रहते हैं? इस पर उन्होंने कहा, वह उनका स्वभाव है। वह मोबाइल फोन ही नहीं रखते अपने पास। यहां तक कि बीसीसीआई चयनकर्ताओं के लिए भी उनसे संपर्क करना मुश्किल होता है। मैंने देखा है कि वह सिद्धांतवादी हैं। जो कमिटमेंट करते हैं, उसे वह गंभीरता से लेते हैं। वह गंभीर हैं औरउनमें कोई हल्कापन नहीं नहीं है। वह फिजूल की बातें नहीं करते। धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से काफी समय पहले रिटायर हो चुके हैं और अब केवल आईपीएल में खेल रहे हैं। आईपीएल के इस सत्र में भी वह खेलेंगे। सीएसके ने उनको 4 करोड़ रुपये में अपने पास रखा है। माना जा रहा है कि 42 साल के होने जा रहे धोनी का ये आईपीएल में अंतिम सत्र हो सकता है।

## फिक्सिंग के आरोप के बाद गिरी गाज, राष्ट्रीय खेलों के ताइक्वांडो अधिकारी को बदला गया

**देहरादून (एजेंसी)।** राष्ट्रीय खेल तकनीकी आचरण समिति (जीटीसीसी) ने 'प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही 16 वजन श्रेणियों में से 10 के परिणाम तय करने' के आरोप झेल रहे ताइक्वांडो के प्रतियोगिता निदेशक को बदल दिया है। जीटीसीसी ने तीन सदस्यीय प्रतिस्पर्धा निवारण समिति (पीएमसीसी) द्वारा की गई 'कड़ी सिफारिशों' के बाद टी प्रवीण कुमार की जगह एस दिनेश कुमार को प्रतिस्पर्धा के नए निदेशक के रूप में नामित किया है।

जीटीसीसी की अध्यक्ष सुनैना कुमारी ने कहा कि पीएमसीसी की सिफारिशें स्वीकार कर ली गई हैं। सुनैना ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम पीएमसी समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखें और राष्ट्रीय खेलों उत्तराखंड की अखंडता को बनाए रखे। प्रतियोगिता के पूर्व निदेशक के खिलाफ शिकायतें मिलने के अलावा हम यह जानकर भी हैरान हैं कि उन्होंने खेल विशेष स्वयंसेवकों के चयन परीक्षणों के लिए कुछ राज्य संघों के पदाधिकारियों और कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ-साथ उपकरण विक्रेताओं को भी नामित किया था।'



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने जीटीसीसी के फैसले का समर्थन करते हुए कहा, 'सभी हितधारकों के लिए खेल की भावना को बनाए रखना और सभी प्रतिभागियों को देश के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मौका देना महत्वपूर्ण है। यह चौंकाने वाला और दुखद है कि राष्ट्रीय खेलों के पदकों का फैसला कथित तौर पर प्रतियोगिताओं की शुरुआत से पहले ही खेल के मैदान से दूर किया गया।'

उन्होंने कहा, 'आईओए में हम अपने खिलाड़ियों के प्रति निष्पक्ष रहने के साथ साथ प्रतिस्पर्धा में हेरफेर करने और राष्ट्रीय खेलों की छवि खराब करने वाले लोगों से उनकी रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' पीएमसी समिति को पता चला कि भारतीय ताइक्वांडो महासंघ द्वारा नियुक्त कुछ अधिकारी 'प्रतियोगिता शुरू होने से बहुत पहले 16 वजन श्रेणियों में से 10 में' मैचों के नतीजे तय कर रहे थे। आईओए को मिली जानकारी के मुताबिक, 'स्वर्ण पदक के लिए तीन लाख रुपये की मांग की गई थी जबकि रजत पदक के लिए दो लाख और कांस्य पदक के लिए एक लाख रुपए की मांग की गई थी। ताइक्वांडो की कुल 16 क्योरूगी और 10 पूमसे प्रतियोगिताएं चार से आठ फरवरी तक हल्द्वानी में होंगी।

## वरुण टी20 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाले भारतीय बने

### -होल्डर का सबसे अधिक विकेट का रिकार्ड नहीं तोड़ पाये



मुंबई। भारतीय टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के पास इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पांचवें टी20 मुकाबले में विस्टइंडीज के जैसन होल्डर का टी20 सीरीज में सबसे अधिक 15 विकेट लेने के रिकार्ड को तोड़ने का अवसर था पर वह असफल रहे। वरुण को इस सीरीज में 14 विकेट मिले। यह टी20 सीरीज में अब तक किसी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वरुण को मौजूदा सीरीज में 14 विकेट मिले। यह भारत के लिए भी किसी टी20 सीरीज में भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हैं। इससे पहले पांच मैचों की टी20 सीरीज में सबसे अधिक 15 विकेट होल्डर ने इंग्लैंड के खिलाफ लिए थे। वहीं भारतीय टीम के वरुण के नाम 14 और न्यूजीलैंड के ईश सोढ़ी के नाम 13 विकेट हैं। अब तक भारतीय टीम की और से 5 टी20 मैचों की सीरीज में सर्वाधिक 9 विकेट स्पिनर रवि बिश्नोई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लिए थे। वहीं वरुण ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि ये मेरी अब तक की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है, लेकिन इसमें सुधार करने के लिए बहुत कुछ करना शेष है। आज की जीत खास है, मैं इसे अपने बेटे और पत्नी को समर्पित करना चाहूंगा।

## सैमसन रोहित और यशस्वी के क्लब मे शामिल हुए

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 मैच में केवल 16 रन बनाकर भी एक रिकार्ड अपने नाम कर गये। इसी के साथ ही सैमसन पहली गेंद पर छक्का मारने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल ने ही पहली गेंद पर छक्का लगाया था। सैमसन ने पूरी सीरीज में परेशान करने वाले आर्चर को पहली गेंद पर छक्का मारा। वहीं आर्चर ने लगातार अपनी बाउंसर से सीरीज के पिछले 4 मैच में सैमसन को परेशान रखा था। इस बार उन्हें पहली गेंद पर बाउंसर डालना भारी पड़ा। सैमसन ने गेंद को हवा में उछल दिय जो सीधे बाउंड्री से बाहर चली गयी। रोहित ने इससे हपले 2021 में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लिश स्पिनर आदिल रशीद के खिलाफ पहली ही गेंद पर छक्का लगाया था जबकि यशस्वी ने पिछले साल हरारे में सिकंदर रजा के खिलाफ छक्का लगाया था। इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में सैमसन पूरी तरह से विफल रहे। पहले ओवर में छकका लगाने के बाद वह अगले ही ओवर में मार्क वुड की बाउंसर पर ही आउट हो गए। यह पांचवीं बार था जब वह बाउंसर पर आउट हुए और इस सीरीज में वह सबसे कम केवल 51 रन ही बना पाये।

## भारतीय टीम पावरप्ले में सबसे अधिक रन बनाने वाली चौथी टीम बनी

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टीम ने मेहमान टीम इंग्लैंड के खिलाफ यहां पांचवे टी20 क्रिकेट मुकाबले में सबसे तेजी से रन बनाने का एक नया रिकार्ड बनाया। अभिषेक शर्मा के आक्रामक शतक के अलावा तिलक वर्मा और शिवम दुबे ने तेजी से खेलते हुए भारतीय टीम को 20 ओवरों में 9 विकेट पर 247 रनों तक पहुंचा दिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम पावरप्ले में सबसे अधिक 95 रन बनाने वाली चौथी टीम बन गयी है। सबसे तेजी से रन बनाने वाली इस सूची में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले नंबर पर है। उसने साल 2024 में ही स्कॉटलैंड के खिलाफ पावरप्ले में ही 113 रन बना दिए थे। तब ट्रेविस हेड ने 25 गेंदों पर ही 80 रन बना दिये थे। ऑस्ट्रेलिया ने 156 रन का लक्ष्य 9.4 ओवर में ही हासिल कर लिया था। पावरप्ले में टीम के लिए सबसे ज्यादा 113 रन ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाये थे। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टंडीज के खिलाफ मैच में 102 और वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ 98 रन बनाये थे। वहीं चौथे नंबर परी रही भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 95 रन बनाये हैं।

## युवी पाजी हमेशा कहते थे, 'एक दिन तुम भारत के लिए खेलोगे और मैच जीताओगे' : अभिषेक शर्मा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई में पांचवें टी20 मैच में इंग्लैंड पर भारत की 150 रनों की शानदार जीत के नायक बनने के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा कि पूर्व सफेद गेंद के महान खिलाड़ी युवराज सिंह से राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का विश्वास उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहा।

वानखेड़े स्टेडियम में अभिषेक ने 54 गेंदों पर 135 रनों की पारी खेली, जो पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने 228.57 के स्ट्राइक-रेट से सात चौके और 13 छक्के लगाकर अपने स्ट्रोकप्ले में निर्दयी प्रदर्शन किया, जिससे भारत ने 247/9 का स्कोर बनाया। अभिषेक ने एक कैच लिया और अपनी बाएं हाथ की स्पिन से दो विकेट चटकाए जिससे भारत ने इंग्लैंड को सिर्फ 97 रनों पर आउट कर दिया और 4-1 के स्कोर के साथ सीरीज जीत ली।

अभिषेक ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर, इस बात को लेकर कई बार संदेह होता है कि क्या आप कभी अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पाएंगे। लेकिन युवी पाजी (युवराज सिंह) ने हमेशा मुझ पर विश्वास किया है। वह कहते थे, 'एक दिन, तुम भारत के लिए खेलोगे और मैच जीताओगे, इसलिए मैं तुम्हें इसके लिए तैयार कर रहा हूं। इसी विश्वास ने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।'

अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा कि उन्हें लग रहा था कि यह उनके चमकने का दिन होगा। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा ऐसी पारियां खेलता हूं, और आखिरकार, ऐसा हुआ। कोच और कप्तान के समर्थन ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया। उन्होंने हमेशा मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया, तब भी जब मैं कुछ मैचों में असफल रहा। इसलिए जब आपके कप्तान और कोच एक युवा खिलाड़ी के तौर पर आपका समर्थन करते हैं, तो यह आपकी सबसे बड़ी प्रेरणा होती है।'

अभिषेक ने शुरू से ही अपने आक्रामक दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'जब मैं अभ्यास करता हूं, तो मैं इसे मैच के इरादे से करता हूं। पंजाब के साथ (सैयद) मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान मैंने यह विश्वास विकसित किया कि अगर मैं अपने क्षेत्र में हूं, तो मैं हर दूसरी गेंद पर चौका लगा सकता हूं। ब्रायन लारा सर ने एक बार मुझसे कहा था, 'अगर आप अभ्यास में 100 छक्के लगाते हैं लेकिन मैच में अपना विकेट खोते रहते हैं, तो इसका कोई फायदा नहीं है। यह सलाह मेरे साथ बनी रही और मैं हमेशा सही इरादे से खेलने की कोशिश करता हूं। तीनों सीनियर खिलाड़ियों- स्काई, हार्दिक और अक्षर भाई- ने मुझे सलाह दी कि मैं अपना समय लूं, सही क्रिकेटिंग शॉट खेलने



पर ध्यान केंद्रित करूं और अपना शतक पूरा करूं।'

अभिषेक ने मुंबई में मौजूद अपने परिवार के सामने शतक बनाने की भावना के बारे में बात करते हुए कहा, 'यह वास्तव में एक विशेष पारी थी क्योंकि मेरी मां और बहन यहां थीं। अपने परिवार के सामने प्रदर्शन करने से बड़ा कोई एहसास नहीं है।'

## रोहित और विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए शुरु किया अभ्यास

नागपुर। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए अभ्यास शुरु कर दिया है। ये दोनो ही रविवार को यहां पहुंचे। हैरानी की बात ये थी कि दोनो ने ही एक सी टी शर्ट पहनी हुई थी। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला एकदिवसीय मैच 6 फरवरी को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) में खेला जाएगा। रोहित और विराट रविवार शाम को नागपुर हवाई अड्डे से बाहर निकलते हुए देखे गए। रोहित मुंबई में शनिवार को बीसीसीआई नमन पुरस्कार समारोह में शामिल होने के बाद सीधे नागपुर पहुंचे। वहीं कोहली दिल्ली से नागपुर पहुंचे हैं। विराट पिछले सप्ताह सोमवार से शनिवार तक दिल्ली में रेलवे के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच खेल रहे थे। रोहित और विराट के अलावा नागपुर एयरपोर्ट पर यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, श्रेयर अय्यर और शुभमन गिल को भी देखा गया। रोहित और विराट के लिए ये सीरीज बेहद अहम है क्योंकि पिछले कुछ समय से दोनो ही रन नहीं बना पाये हैं। यहां तक कि रणजी में भी विफल रहे हैं।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com




# रिलीज के कुछ घंटे बाद ही पाइरेसी की शिकार हुई देवा, शाहिद कपूर को लगा झटका

**शाहिद कपूर की बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड फिल्म देवा शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन रिलीज के कुछ ही घंटों बाद ऑनलाइन लीक हो गई। शाहिद कपूर अभिनीत यह फिल्म कथित तौर पर बड़े पर्दे पर आने के तुरंत बाद कई अवैध वेबसाइटों पर अपलोड कर दी गई थी।यह घटना भारतीय सिनेमा को निशाना बनाकर साइबर चोरी का एक और मामला है।**

### कलेक्शन पर होगा असर

देवा के पाइरेटेड संस्करण कई अवैध वेबसाइटों पर देखे गए हैं। देवा मूवी डाउनलोड, देवा मूवी एचडी डाउनलोड, देवा तमिलरॉकर्स, देवा फिल्मजिला, और देवा टेलीग्राम लिंक्स जैसे कीवर्ड सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहे हैं। यह फिल्म कई फॉर्मेट में कई वेबसाइटों पर उपलब्ध है। देवा का ऑनलाइन लीक होना इसकी बॉक्स ऑफिस संभावनाओं के लिए बड़ा खतरा बन गया है।

### फिल्म के कलाकार

यह फिल्म शुरुआती तौर पर देश भर के सिनेमाघरों में भारी भीड़ खींच रही है, जिसमें शाहिद कपूर ने एक विद्रोही पुलिस अधिकारी देव अम्बरे की भूमिका में अभिनय किया है। मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित इस थ्रिलर-ड्रामा में पूजा हेगड़े एक खोजी पत्रकार की भूमिका में हैं, जबकि कुब्रा सैत और पावेल गुलाटी ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं।

### कई फिल्में हो चुकी हैं पाइरेसी का शिकार

देवा से पहले भी कई फिल्में पाइरेसी का शिकार हो चुकी हैं। अक्सर हर फिल्म ही पाइरेसी का शिकार हो जाती हैं। इससे पहले साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म गेम चेंजर भी पाइरेसी का शिकार हुई थी, जिस पर निर्माताओं ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक्शन भी लिया था। इस मामले में पुलिस केस भी किया गया और एक आरोपी को हिरासत में भी लिया गया था।



# मैं 7-8 साल की थी तभी से लोग मेरे बारे में बोलते हैं, बहुत बुरा लगता था

माता-पिता श्रीदेवी और बोनी कपूर की विरासत को आगे बढ़ाते हुए जान्हवी कपूर की छोटी बहन खुशी कपूर उत्साहित भी हैं और नर्वस भी। ओटीटी पर द आर्चीज से अपने अभिनय का श्रीगणेश करने वाली खुशी अब आने वाली फिल्म लवयापा में प्यार-मोहब्बत की उलझनों को दर्शाती नजर आएंगी। इस मुलाकात में वे अपनी फिल्म, महिला मुद्दों, माता-पिता और ट्रोल्स के बारे में खुलकर बात कर रही हैं।

**इंडस्ट्री में जब भी दो बहन या भाई आते हैं, तो उनके बीच सिबलिंग राइवलरी की चर्चा होने लगती है। आपकी बहन जाह्नवी कपूर से आपकी बॉन्डिंग काफी है, क्या कहना चाहेंगी?**

मैं ऐसा कुछ मानती ही नहीं। मुझे नहीं लगता कि दो बहनों के बीच ऐसा कुछ होता होगा। हां, हम दोनों बहनें एक-दूसरे के बेहद करीब हैं। मैं जाह्नवी से काफी सवाल पूछती रहती हूं। जाह्नवी का सिर खा जाती हूं। काम की बात हो या किसी फंक्शन में कोई आउटफिट पहनना हो। मैं उससे सवाल पर सवाल करती रहती हूं। मैं उसको आउटफिट के पिक्स ले-लेकर भेजती रहती हूं और पूछती रहती हूं कि क्या पहनूं। क्या करूं! मुझे लगता है कि मैं उनके अनुभव से काफी कुछ सीख सकती हूं। वो जो कहती हैं, मैं वैसा ही करती हूं।

**आपके फिल्मकार पिता बोनी कपूर से आपने क्या टिप्स लिए इंडस्ट्री में आने के लिए?**

मैं अपने डैड से पूछे बिना कुछ नहीं करती। मैं इंडस्ट्री में नई हूं और वे काफी अनुभवी हैं, तो स्क्रिप्ट्स की बात हो या काम की, मैं हमेशा उन्हीं से सलाह लेती हूं। वे हमेशा मुझे एडवाइज देते हैं और मेरा मार्गदर्शन करते हैं।

**आपकी नजर में सबसे आइडियल कपल कौन है?**

बेशक मेरे माता-पिता। मैं अपने माता-पिता से बहुत प्यार करती हूं। वही मेरी नजर में सबसे आदर्श कपल हैं। हर कोई बचपन से अपने माता-पिता को ही देखता है एक आदर्श के रूप में। उनकी आदतें, उनके मूल्यों और विश्वास को ही वे अपनाते हैं। उनकी गलतियों से सीखते हैं। मैंने प्यार का अहसास अपने माता-पिता के रिश्ते से सीखा। जिस तरह वे एक-दूसरे को चाहते थे। मैं भी उसी तरह का प्यार और रिश्ता चाहूंगी।

**आपकी फिल्म रिलेशनशिप और प्यार-मोहब्बत पर आधारित है। क्या आप उनके सिचुएशनशिप, बेंचिंग, रेड फ्लैग, घोस्टिंग जैसे टर्म्स से वाकिफ हैं?**

मुझे रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग के बारे में तो पता है। ये समझना आसान है। बाकी दूसरे टर्म्स से मैं वाकिफ नहीं हूं। मैं देखती हूं कि हर दिन कुछ नया आ जाता है। मगर मैं इतना कह सकती हूं कि प्यार एक अहसास है। वह अब भी वैसा ही है, जैसे पहले था। हां, कॉम्प्लिकेशन्स भी हैं। बस अब ये एक्स्ट्रा टर्म्स आ गए हैं। जैसे हमारी फिल्म ही ले लीजिए। इसमें फोन के कारण काफी जटिलताएं आ जाती हैं। हमारी फिल्म में आपको पुरानी फिल्मों वाला प्यार-मोहब्बत मिलेगा, मगर हमने न्यू एज जेनरेशन के लव और उनकी समस्याओं को भी दर्शाया है।

**सोशल मीडिया पर आप कितना वक्त बिताती हैं? ट्रोल्स को कैसे हैंडल करती हैं?**

मैं भी दूसरों की तरह सोशल मीडिया पर काफी वक्त बिताती हूं। रील्स देखती रहती हूं। कोशिश करती हूं कि अपना स्क्रीन टाइम कम कर सकूं, मगर कर नहीं पाती, क्योंकि सारा काम फोन पर ही होता है। हमारी पूरी जिंदगी फोन पर है। वैसे कंट्रोल नहीं है मेरा। जहां तक ट्रोल्स की बात है, तो वह मेरे फिल्मों में आने से पहले ही थे। जब मैं 7-8 साल की थी, तभी से लोग मेरे बारे में कुछ न कुछ तो बोलते ही रहते थे इंटरनेट पर। अब तो काफी हद तक आदत हो गई है, मगर जब मैं छोटी थी, तब बहुत बुरा लगता था कि मेरे बारे में ऐसा क्यों लिखा जा रहा है। मगर अब लगता है कि लोग तो कहेंगे ही। मैं उसे कंट्रोल नहीं कर सकती। लोगों को एक इम्प्रेशन है मुझे लेकर कि मैं इंडस्ट्री से हूं, तो शायद मैं ऐसी हूं या वैसी हूं। लोगों को लगता है कि अगर ये इंडस्ट्री से हैं, तो शायद ईमानदारी से काम नहीं करेगी। मगर वे गलत हैं। अगर मैं दिन भर ट्रोल्स के कॉमेंट पढ़ूं, तो मुझे बुरा ही लगेगा। मैं ज्यादातर उन्हें इग्नोर करती हूं। मैं अपना काम बेहतरीन ढंग से कर सकती हूं और उम्मीद करती हूं कि लोग मुझे पसंद करें।



**पत्रलेखा और राजकुमार राव ने आधिकारिक तौर पर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। काम्पा नाम व्यक्तिगत महत्व रखता है, क्योंकि इसमें उनकी माताओं के नाम के पहले अक्षर शामिल हैं, जो इस कपल की निजी जिंदगी को दर्शाता है।**

# राजकुमार राव-पत्रलेखा ने लॉन्च किया प्रोडक्शन हाउस

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। नए उद्यम का नाम उनकी माताओं (कमलेश यादव और पापरी पॉल) के लिए प्यारी याद है, क्योंकि इसमें उनके नाम के पहले अक्षर शामिल हैं। दोनों ही कलाकार इस प्रयास में उद्योग जगत के अनुभव का खजाना लेकर आए हैं। उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस के नाम का मतलब भी समझाया है।

### कपल ने लॉन्च किया प्रोडक्शन हाउस

पत्रलेखा और राजकुमार राव ने आधिकारिक तौर पर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस काम्पा फिल्म्स लॉन्च किया है। काम्पा नाम व्यक्तिगत महत्व रखता है, क्योंकि इसमें उनकी माताओं के नाम के पहले अक्षर शामिल हैं, जो इस कपल की निजी जिंदगी को दर्शाता है। अपने नए उद्यम के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, काम्पा का शुभारंभ हमारे लिए एक भावनात्मक मील का पत्थर है। सिनेमा ने हमारे जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह बदले में कुछ देने का हमारा तरीका है।

### राजकुमार राव ने जताई खुशी

राजकुमार ने आगे कहा, हम ऐसी कहानियां बताने के लिए एक मंच बनाना चाहते थे, जो मनोरंजक और प्रेरणादायक होने के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी गूंजती हों। यह यात्रा हमारे दिल के बहुत करीब है और हम दर्शकों के लिए ताजा और अनूठी कहानियां लाने के लिए उत्सुक हैं। कपल का उद्देश्य है कि वे काम्पा फिल्म्स को एक मंच के रूप में उपयोग करके विविध कहानियां सुनाएं, जो दर्शकों के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक रूप से जुड़ती हों।

### कुछ प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है प्रोडक्शन हाउस

काम्पा फिल्म्स ने कुछ प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसकी घोषणा आने वाले महीनों में की जाएगी। प्रोडक्शन हाउस को उम्मीद है कि वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगा। उनका लक्ष्य ऐसे प्रोजेक्ट तैयार करना है, जिससे लोगों को संदेश भी मिले और उनका मनोरंजन भी हो जाए।

# विजय की जासूसी थ्रिलर फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा? भाग्यश्री बोरसे भी आएंगी नजर

विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म वीडी 12 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वीडी 12 की रिलीज से पहले इस फिल्म के टीजर का प्रशंसकों को इंतजार है। इस फिल्म के शीर्षक को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। लेकिन अब लगता है फिल्म को एक टाइटल मिल गया है। बहरहाल, कथित तौर पर वीडी 12 का नाम साम्राज्यम रखा गया है।



### फिल्म का शीर्षक

साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा गौतम थिन्नानुरी द्वारा निर्देशित फिल्म वीडी 12 में नजर आएंगे। निर्माता नागा वामसी द्वारा वीडी 12 का शीर्षक तय किए जाने की घोषणा के बाद, फिल्म के शीर्षक के बारे में अफवाहें फैलनी शुरू हो गई हैं। चर्चा के अनुसार, फिल्म का शीर्षक साम्राज्यम है, लेकिन अभी तक फिल्म के शीर्षक की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### जासूसी थ्रिलर फिल्म होगी

भारी भरकम बजट में बन रही इस फिल्म में वियज देवरकोंडा के साथ भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। भाग्यश्री को उनकी फिल्म मिस्टर बच्चन में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म होगी।


### फिल्म का बजट

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शीर्षक और एक झलक 7 फरवरी, 2025 को सामने आ सकती है। यह अखिल भारतीय फिल्म सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के बीच एक संयुक्त सहयोग है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत तैयार कर रहे हैं।

### फिल्म की शूटिंग

बहरहाल, विजय इन दिनों वीडी 12 की शूटिंग में व्यस्त हैं। जानकारी के अनुसार, फिल्म का टीजर 7 फरवरी, 2025 को रिलीज किया जाएगा और निर्माता नागा वामसी ने पहले ही खुलासा कर दिया है कि वीडी 12 को दो भागो में रिलीज किया जाएगा और हर भाग की कहानी अलग होगी। इस तरह वे दो अलग-अलग फिल्में बन जाएंगी। फिलहाल, वीडी 12 की 80 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है।





# हंटर 2 का टीजर जारी जैकी श्रॉफ से दो-दो हाथ करेंगे सुनील शेट्टी

**बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी एक्शन थ्रिलर सीरीज हंटर के दूसरे सीजन के साथ अपनी वापसी करने के लिए तैयार हैं। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अभिनेता ने शूटिंग की एक झलक साझा की, जिसने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। वहीं अब, निर्माताओं ने भी सीरीज के दूसरे सीजन का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है।**

### सुनील शेट्टी का दमदार अवतार

हंटर सीरीज को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। वहीं, अब फैंस हंटर 2 के लिए तैयार हैं। ऐसे में ओटीटी चैनल के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा के सीजन 2 की भी घोषणा की। इस आकर्षक प्रमोशनल वीडियो में सुनील शेट्टी को एक दमदार अवतार में दिखाया गया है, जिसमें जैकी श्रॉफ भी अहम भूमिका में हैं।

### निर्माताओं की पोस्ट

वीडियो साझा करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सीरीज का टीजर वीडियो साझा करते हुए लिखा, हंटर वापस आ गया है...याद है ना, यह टूटेगा नहीं, तोड़ेगा। हंटर सीजन 2, जल्द ही अमेजन एमएक्स प्लेयर पर आ रहा है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी सीरीज की आधिकारिक रिलीज डेट का एलान नहीं किया है, लेकिन यह शो इसी साल दर्शकों का मनोरंजन करेगा।

### कलाकार और टीम

वहीं, बात करें सीरीज के कलाकारों की तो सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ के साथ हंटर 2 में बरखा बिष्ट, अनुषा दांडेकर भी हैं। सीरीज के निर्माता विक्रम मेहरा और सिद्धार्थ आनंद कुमार हैं। सीरीज का निर्माण सारेगामा इंडिया, यूडली फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा निर्देशित इस सीरीज को खुश मलिक, अली हाजी और वीर ने मिलकर लिखा है।

# 'जॉली एलएलबी 3' का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं राम कपूर

राम कपूर टीवी सीरियल्स की दुनिया का मशहूर नाम हैं, साथ ही वह फिल्मों, वेब सीरीज में भी अलग-अलग तरह के किरदार करते हैं। इस समय वह अपनी वेट लॉस जर्नी को लेकर काफी चर्चा में हैं। लगभग 6-8 महीने में राम कपूर ने 55 किलो वजन कम किया है। हाल ही में राम कपूर को साइरस ब्रोचा के पॉडकास्ट में देखा गया। यहां पर वह अपनी वेट लॉस जर्नी और अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर बात करते हुए दिखे। इस दौरान उन्होंने फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का जिक्र किया। राम कपूर ने साइरस ब्रोचा को उनके पॉडकास्ट में बताया कि वह फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का हिस्सा हैं। वह इसे एक कमाल की फिल्म बताते हैं। आगे राम बताते हैं कि फिल्म में वह अक्षय कुमार और अरशद वारसी के किरदारों की तरह ही एक वकील के किरदार में हैं। यह रोल छोटा जरूर है लेकिन बहुत ही असरदार है। वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। राम कपूर आगे बताते हैं कि वह वह आयुष्मान खुराना के साथ भी एक फिल्म कर रहे हैं। इसकी कुछ शूटिंग हो चुकी हैं बाकी कश्मीर में होगी। वह जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग के लिए कश्मीर जाएंगे।

